- दक्षिण जोन में, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल राज्यों में सभी उत्तरदाता अनुशंसित मात्रा में शाकनाशी का उपयोग करते पाए गए, जबकि पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक–एक उत्तरदाता खरपतवार प्रबंधन के लिए शाकनाशी की अनुशंसित मात्रा का उपयोग नहीं कर रहा था।
- विभिन्न उपयोगर्ताओं से प्राप्त डेटा का उपयोग करके वीड मैनेजर एप के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। यह ज्ञात हुआ कि अधिकांश उपयोगकर्ता (42%) शिक्षाविद तथा लगभग 28% उपयोगकर्ता छात्र हैं जो खरपतवार प्रबंधन पर अपना शोध कार्य कर रहे हैं। केवल 11% उपयोगकर्ता किसान है जो एप का उपयोग कर रहे हैं। एप का उपयोग करने वाले किसानों की संख्या कम होने का कारण एप की अंग्रेजी भाषा हो सकती है। इसलिए एप में दी गई जानकारी का अनुवाद हिन्दी में करने हेतु कार्य शुरू किया जा चुका है।

- In South Zone, all respondents from Telangana, Karnataka and Kerala used to apply herbicides at their recommended doses wheareas, one respondent from Puducherry and Tamil Nadu each were not following the recommended doses of herbicide for weed management.
- The performance of the "Weed Manager"App was evaluated using the data obtained from different users. It was found that most of the users (42%) are academicians and around 28% users are student who are doing their research work on weed management including some graduate students. Only 11% farmers are using App to get information on weed management. The reason for less number of farmers using the App, could be the language of the App i.e. English. Therefore, considering their problem, work has been initiated to translate the information provided in the App in Hindi.

प्रस्तावना
INTRODUCTION

खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर 22 अप्रैल 1989 को राष्ट्रीय खरपतवार अनुसंधान केन्द्र के रूप में अस्तित्व में आया। इसके पश्चात् यह केन्द्र 23 जनवरी 2009 को उन्नत होकर खरपतवार विज्ञान अनुसधांन निदेशालय हो गया एवं 26 नवम्बर 2014 को इसका नाम परिवर्तित होकर भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय हो गया। यह निदेशालय इकलौता ऐसा संस्थान है जो विशेष रूप से कृषि तंत्र में मौजूदा और नये–नये पैदा होने वाले खरपतवारों से निपटने के कार्य में लगा हुआ है। यह निदेशालय खरपतवार नियंत्रण हेतु बुनियादी, सामरिक और व्यवहारिक अनुसंधान के लिये एक कला केन्द्र के रूप में कार्य करते हुए अपने 23 विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों में स्थित अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना के माध्यम से नेतृत्व प्रदान कर रहा है। केन्द्रों के माध्यम से स्थान विशिष्ठ तकनीक विकसित कर राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व प्रदान कर रहा। इसके साथ–साथ विभिन्न हितधारकों और संस्थानों को प्रशिक्षण के अलावा खरपतवार प्रबंधन पर प्रशिक्षण, परामर्श एवं सहयोगी कार्यक्रम चलाता है। ''मेरा गांव मेरा गौरव'' कार्यक्रम के तहत् किसानों के खेतों में भागीदारी अनुसंधान भी की जा रही है। संगठन में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली लागू करने के लिये, निदेशालय को ISO 9001 : 2015 प्राप्त हुआ है।

जबलपुर मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन और सांस्कृतिक आकर्षण के केन्द्रों में से एक है और यह राज्य की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। यह शहर धुंआधार जलप्रपात, भेड़ाघाट, चौसठयोगिनी मंदिर, संतुलित चट्टान आदि पर्यटको के लिए आकर्षण के केन्द्र है।

The Directorate of Weed Research, Jabalpur came into existence as National Research Centre for Weed Science (NRCWS) on 22nd April 1989. This center was further upgraded as Directorate of Weed Science Research on 23rd January 2009; and renamed as ICAR-Directorate of Weed Research (ICAR-DWR) on 26th November 2014. This directorate is a unique institute which deals with the existing and emerging weed problems in different agro-ecosystems. It acts as a state of art centre for basic, strategic and applied research in weed science and provides leadership at national level through its 23 All India Coordinate Research Project on Weed Management (AICRP-WM) centres in different SAUs for generating location-specific technologies for weed management. Besides, trainings to different stakeholders; consultancy; collaborative programmes on weed management; participatory research at farmers' fields under '*Mera Gaon Mera Gaurav*' are also being undertaken. Directorate obtained the ISO 9001: 2015 certificate by implementing the Quality Management System.

Jabalpur is one of the most important tourist and cultural attraction of Madhya Pradesh and also known as the cultural capital (*Sanskardhani*) of state. The city is famous for its major tourist attractions such as Dhuandhar Falls, Bhedaghat and Chausat Yogini Temple, Balancing rocks and many others.

यह भारत के मध्य में महाकौशल क्षेत्र में स्थित है तथा चारों ओर से प्रकृति की शानदार विविधताओं जिनमें पवित्र नर्मदा नदी, भेड़ाघाट की संगमरमर चट्टानें तथा धुआंधार नामक जल प्रपात से घिरा हुआ है। जबलपुर कैमोर पठार और सतपुड़ा की पहाड़ियों के कृषि जलवायवीय क्षेत्र में आता है। निदेशालय राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-7), 22.5–24.8° अक्षांश, 78.2–80.6° देशांतर में समुद्री सतह से 412 मी. ऊंचाई पर स्थित है और यह रेलवे (जबलपुर रेलवे स्टेशन से 11 किमी.) एवम् वायुमार्ग (डुमना एयरपोर्ट से 28 किमी.) से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र की जलवायु उष्णकटिबंधीय है तथा औसत वर्षा लगभग 1400 मिमी. है। यहां की मृदा सामान्यतः काली है तथा यहा वर्षा ऋतु में धान, सोयाबीन, गन्ना, अरहर एवं उड़द, शीत ऋतु में गेहूं, चना, मटर, मसूर तथा सरसों और ग्रीष्म ऋतु में मूंग एवं उड़द उगाये जाते हैं।

पिछले 29 वर्षों से इस संस्थान ने खरपतवार प्रबंधन पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास; जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता; फसलीय और गैर–फसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन; पर्यावरण में खरपतवारनाशी अवशेषों और अन्य प्रदूषकों की निगरानी, क्षरण और शमन एवं खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन तथा उनके प्रभावों का मूल्यांकन के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभाई है। खरपतवार प्रबंधन की तकनीकों को खेत पर अनुसंधान एवं प्रदर्शनों के माध्यम से वृहद क्षेत्रों तक पहुंचाया गया जिससे इन्हें अपनाया जा सके तथा इन तकनीकों ने किसानों की कृषि उत्पादकता एवं आजीविका को उन्नत बनाने में मदद की है। विविध फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन, हानिकारक, आक्रामक खरपतवार से उत्पन्न खतरा, परजीवी खरपतवार, जलीय खरपतवार, मौसम परिवर्तन के कारण खरपतवार गतिशीलता, शाकनाशी प्रतिरोधकता और शाकनाशियों का पर्यावरण पर प्रभाव तथा निगरानी आदि विषयों पर संस्थान लगातार कार्यरत है। निदेशालय ने अपने खेत पर संरक्षण कृषि के सभी सिद्वांतो को अपनाया है और वैश्विक स्तर की खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं में अग्रिम शोध करने के लिए अपने प्रक्षेत्र को 'आदर्श प्रक्षेत्र' के रूप में विकसित किया है।

विजन

कृषि के स्थायित्व एवं अन्य सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुये कम खर्च वाली पारिस्थिकी के अनुकूल उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास।

It is situated at the center of India in the Mahakoshal region and surrounded by a spectacular variety of nature including holy river Narmada, marble rocks of Bhedaghat and waterfall called "*Dhuandhar*". It falls under the agroclimatic region of Kymore plateau and Satpura hills zone. Directorate is located on the national highway (NH-7) at 22.5-24.8°N latitude, 78.2-80.6°E longitude and altitude of 412 m above mean sea level and well connected by railways (11 km from Jabalpur railway station) and airways (28 km from Dumna airport). The climate of the region is sub-tropical, with average rainfall of ~1400 mm. Soils are mostly black and crops grown are rice, soybean, sugarcane, pigeonpea and blackgram during *Kharif* season, wheat, chickpea, lentil, pea and mustard in *Rabi* season and greengram and blackgram in summer season.

Over the last 29 years, Directorate has played a pioneering role in weed management at national level through its focused research programmes *i.e.* development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems; weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance; biology and management of problematic weeds in cropped and non-cropped lands; monitoring, degradation and mitigation of herbicide residues and other pollutants in the environment; and on-farm research and demonstration of weed management technologies and impact assessment. Adoption of weed management technologies has been promoted on large areas through on-farm research and demonstrations, which has resulted a sizable boost in agricultural productivity and livelihood security of the farmers. Conservation agriculture has been popularized in the state. Weed management, crop residue management, resource use efficiencies were also advocated. Efforts are being made to address emerging issues related to management of weeds in different ecosystems, threats posed by noxious invasive weeds, parasitic weeds, aquatic weeds, changes in weed dynamics in climate change scenario, herbicide resistance, monitoring of impact of herbicides on environment. The Directorate has adopted all the principles of conservation agriculture in its farm and a "Modern Farm" has been developed to undertake advance research in different aspects of weed management to meet the global standards.

Vision

Developing innovative, economic and eco-friendly weed management technologies to contain challenges ahead for sustainable agriculture and other societal benefits.

मिशन (विशेष कार्य)

खरपतवार संबंधित अनुसंधान व प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से देश के नागरिकों हेतु उनके आर्थिक विकास एवं पर्यावरण तथा सामाजिक उत्थान में लाभ पहुंचाना।

अधिदेश

- विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी क्षेत्रों के लिए टिकाऊ प्रौद्योगिकियां विकसित करने हेतु खरपतवार प्रबंधन संबंधित अनुसंधान करना।
- कृषि प्रणालियों में खरपतवार प्रबंधन के लिए नेटवर्क अनुसंधान में समन्वयन करना तथा प्रशिक्षण प्रदान करना।
- खरपतवार प्रबंधन में सूचना की रिपोजिटरी अनुरक्षित करना तथा एक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में कार्य करना।

संगठन एवं प्रबंधन

निदेशालय, निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आता है। पंचवार्षिक समीक्षा टीम (क्यू.आर.टी.) अनुसंधान सलाहकार समिति (आर.ए.सी.), संस्थान प्रबंधन समिति (आई.एम.सी.) और संस्थान अनुसंधान समिति (आई.आर.सी.) एवं अनुसंधान, शिक्षण/प्रशिक्षण और विस्तार गतिविधियों के लिए अन्य सलाहकार निकाय हैं। पांच प्रमुख अनुसंधान अनुभाग, 4 प्रशासनिक खंड, और 12 अन्य इकाईयां निदेशालय के सुचारू कामकाज और प्रभावी समन्वय में योगदान करते हैं।

प्रयोगशालायें एवं उपकरण

निदेशालय में सस्य विज्ञान, मृदा विज्ञान, पादप पारिस्थितकीय विज्ञान, पादप जैव प्रौद्योगिकी, रसायन अवशेष विश्लेषण कीट विज्ञान, सूक्ष्म जीवी विज्ञान, रोग–निदान विज्ञान और फार्म मशीन एवं शक्ति के शोध कार्यों के लिये समर्पित प्रयोगशालाएं हैं। इसके अतिरिक्त एक केन्द्रीय प्रयोगशाला भी हैं जिसमें आइस मेकर मशीन, नाईट्रोजन एनालाइजर, फ्लेम फोटो मीटर, लीफ एरिया मीटर, रूट स्केनर, यू.व्ही. स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, पी.एच. मीटर, कंडक्टीविटी मीटर, बी.ओ.डी इंक्युबेटर आदि रखे हैं। निदेशालय में सुसज्जित प्रयोगशालायें हैं जिनमें आधुनिक एवं परिष्कृत वैज्ञानिक उपकरण जैसे एल.सी.–एम.एस./एम.एस. तंत्र, जी.सी., एच.पी. एल.सी., इरगा, लायोफिलॉयजर, एटॉमिक एब्जार्पशन, यू.वी. विबिल डबल बीम स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, स्पेक्ट्रोमीटर, नाइट्रोजन आटो–एनालाइजर, सोलोड फेज एक्सट्रेक्शन इकाई, थर्मल सॉइक्लर, ओसमोमीटर, जेल डॉक्युमेन्टेशन यूनिट, वैक्यूम इवेपोरेटर, हाई स्पीड रेफ्रीजरेटेड सेन्ट्रीफ्यूज, वाटर प्यूरीफिकेशन तंत्र, फ्लेमफोटोमीटर, नैनोस्पेक्ट्रोमीटर आदि व्यवस्थित हैं। नमूना भंडारण के लिये तरल नाईट्रोजन पात्र, अल्ट्रा फ्रीजर (-80°C) और ड्रीप फ्रीजर (-20°C) जैसी सुविधायें हैं। इसमें कंटेनमेंट सुविधा और दो कंट्रोल्ड इनवायरमेंट चेम्बर्स हैं जिनमें नियंत्रित पर्यावरण में शोध किया जा सकता है। निदेशालय के पास फ्री एयर CO_2 एनरिचमेंट (एफ.ए.सी.ई.) सुविधा एवं छः ओपेन टॉप चेम्बर्स हैं, जिनमें भविष्य में होने वाले जलवायु परिवर्तन का फसल खरपतवार की अंतरक्रिया पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करने की सुविधा एवं फायटोरेमेडियेशन ईकाई और मैक्सिकन बीटल पालन ईकाई जैसी विशेष सुविधायें भी हैं। इसके अलावा नियंत्रण स्थिति में अध्ययन हेतु पॉलिहाउस एवं नेट हाउस की सुविधा उपलब्ध है। निदेशालय में खरपतवार नियंत्रण के लिये उपकरणों एवं औजारों कि मरम्मत, निर्माण, डिजाइन और विकसित करने के लिये पूर्ण विकसित कृषि अभियांत्रिकी कार्यशाला है।

Mission

To provide scientific research and technology in weed management for maximizing the economic, environmental and societal benefits for the people of India

Mandates

- Conduct weed management research for developing viable technologies for different agro-ecological regions.
- Coordinate the network research and to provide training in weed management in agricultural systems.
- Repository of information in weed science and act as a centre for training in weed management.

Organization and management

The Directorate comes under the administrative control of the Director. Quinquennial Review Team (QRT), Research Advisory Committee (RAC), Institute Management Committee (IMC) and Institute Research Committee (IRC) are other advisory bodies for research, teaching/training and extension activities. There are 5 major research sections, 4 administrative sections, and 12 other units and cells for smooth functioning and effective co-ordination.

Laboratories and equipments

Directorate has dedicated laboratories for research work on agronomy, soil science, plant physiology, plant biotechnology, residue analysis, entomology, microbiology, pathology and farm machine and power. Besides, one central laboratory is also in place housing all common equipments like ice maker machine, nitrogen analyser, flame photometer, leaf area meter, root scanner, UV spectrophotometers, pH meters, conductivity meters and BOD incubators etc. Laboratories at the Directorate are well-furnished and equipped with modern and sophisticated scientific instruments like LC-MS/MS, GC, HPLC, IRGA, lyophilizer, atomic absorption spectrometer, UV-visible double beam spectrophotometer, spectroradiometer, N-auto-analyzer, osmometer, thermal cycler, solid phase extraction unit, gel documentation unit, vaccum evaporator, high speed refrigerated centrifuge, water purification system, flame photometer and nano spectrophotometer. Sample storage facilities include liquid nitrogen containers, ultra freezer (-80°C) and deep freezers (-20°C). It has containment facility and two controlled environmental chambers to facilitate research under controlled environmental conditions. Directorate has specialized facilities like Free Air CO_2 Enrichment (FACE) facility and six open top chambers to study possible impact of futuristic climate change on crop-weed interaction, and phytoremediation unit and Mexican beetles rearing unit. Apart from these several poly houses and net house facilities are available for study under controlled condition. Directorate also has a well-developed agricultural engineering workshop with facilities for repair, fabrication, designing and development of weed control tools and implements.

कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र

कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई, कम्प्यूटर्स, लोकल एरिया नेटवर्क सुविधा, वीडियो कान्फ्रेंसिंग, कलर फोटोकॉपियर/जिरोक्स कम प्रिन्टर एवं प्लॉटर आदि सुविधाओं से युक्त है। सभी वैज्ञानिकों और समन्वय इकाइयों को इंटरनेट एवं वाई–फाई कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। पुस्तकालय में खरपतवार विज्ञान एवं अन्य से संबंधित 3100 से अधिक किताबों का संग्रह है तथा 20– भारतीय और 4– विदेशी पत्रिकायें पुस्तकालय में मंगवाई जाती है, साथ ही इसमें समाचार पत्र अनुभाग है एवम् कर्मचारियों और छात्रों को पढ़ने के लिये पर्याप्त स्थान है। दस्तावेज एवं सूचनायें तैयार करने के लिये प्रतिलिपिकरण और प्रलेखन सुविधा भी बनाई गई है। खरपतवार विज्ञान एवं प्रबंधन तकनीकों संबंधी नवीनतम् जानकारी के प्रदर्शन हेतु एक सूचना केन्द्र विकसित किया गया है। निदेशालय के प्रकाशनों, खरपतवार प्रबंधन उपकरणों के नमूनों और खरपतवार के बीजों के जीवंत नमूनों के प्रदर्शन के लिये परिष्कृत प्रदर्शन प्रणाली भी है।

AKMU, library and information centre

Agriculture Knowledge Management Unit (AKMU) is well equipped with computers, LAN facilities, video conferencing facility, colour xerox-cum-printer and plotter. All the scientists and co-ordination units have been provided with internet connection and Wi-Fi connectivity. Library has a total collection of >3100 books related to weed science and others, 20 Indian- and 4 foreign- journals in its subscription, newspapers section and sufficient reading area for students and employees. Reprographic and documentation facilities have also been created for the preparation of documents and reports. One information centre has been developed to display the updated information regarding weed science and management technologies. Directorate's publications, prototypes of weed management tools and live specimen of weed seeds are also on display using sophisticated display systems.

एलसी–एमएस सिस्टम
LC-MS/MS system

एचपी–एलसी सिस्टम
HPLC system

इनफार्मेशन सेंटर
Information Centre

प्रक्षेत्र/कन्टेनमेंट/नेट हाउस/अन्य सुविधाएं

निदेशालय के पास 61.5 हेक्टेयर पूर्ण विकसित शोध क्षेत्र है, जो कि सड़कों से अच्छी तरह से जुड़ा है। सारे खेत लेजर लेवलर से समतल किये गये हैं, तथा जल निकासी की प्रभावशाली व्यवस्था है। लगभग संपूर्ण खेती क्षेत्र में पर्याप्त फसल विविधीकरण के साथ संरक्षित कृषि के लिये एक मॉडल के रूप में विकसित किया गया है, जो कि म.प्र. के साथ–साथ अन्य राज्यों के हजारों किसानों को आकर्षित करता है। फसलों/खरपतवारों के अवशेषों को जलाने की प्रथा को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है जिसे किसानों ने भी अपनाया है और इसकी प्रशंसा की है। प्रक्षेत्र आधुनिक खेती के उपकरणों से संपन्न है जैसे कि उच्च शक्ति ट्रेक्टर्स, छोटा ट्रेक्टर, शक्ति–वीडर, ट्रेक्टर चलित स्प्रेयर्स, लेजर लैण्ड लेवलर, हैप्पी सीडर, नो–टिल सीड ड्रिल, मल्टी–क्राप, सीड ड्रिल, मल्टी–क्रॉप थ्रेसर्स, ट्यूब वेल्स, भूमिगत सिंचाई पाईपलाइन और स्प्रिंकलर तंत्र आदि। इसके अतिरिक्त निदेशालय में कंटेनमेंट सुविधा, नेट हाउसेस, लाइसीमीटर्स, फायटोरिमेडियेशन इकाई, एक्वेटिक टैंक, अपरोक्ष जीवों पर शाकनाशी विषाक्तता अध्ययन हेतु अपवाह टैंक, जैवभार खाद इकाई, खरपतवार जर्मप्लाज्म के प्रदर्शन एवं संरक्षण हेतु वीड कैफेटेरिया तथा पूरी तरह से विकसित तकनीकी उद्यान है। संपूर्ण प्रक्षेत्र की कम्पोस्ट आवश्यकता की पूर्ति हेतु कम्पोस्ट इकाई बनाई गई है।

Farm/containment/net house/other facilities

The Directorate possesses 61.5 ha well laid fully-irrigated experimental farm well connected with approach roads. Whole farm is laser-leveled and with an effective drainage systems. Almost complete farming area has been developed as a model farm with ample crop diversification which attracts thousands of farmers from different part of the Madhya Pradesh and from other states also. Practice of burning of residues of crops/weeds is completely stopped which earned a lot appreciation and adoption at farmer's field too. Farm is equipped with modern farm machineries like high power tractors, small tractor, power-weeders, tractor-driven sprayers, laser land-leveler, happy seeder, no-till seed drill, multi-crop seed drill, multi-crop thrashers, tube wells, underground irrigation pipelines and sprinkler system *etc.* In addition, Directorate also has net-houses, poly-houses, lysimeters, aquatic tanks, run-off tanks for studies on herbicides toxicity to non-target organisms, weed cafeteria for insitu demonstration and conservation of weed germplasm, and fully developed technology park. Biomass composting unit has been up-scaled to fulfill the requirement of compost for the entire farm.

नेटवर्किंग एवं सहयोग

अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन परियोजना (AICRP-WM) के कृषि विश्वविद्यालयों में स्थित देश के विभिन्न एग्रोक्लाइमेटिक क्षेत्रों में 23 केन्द्रों द्वारा यह निदेशालय विभिन्न नेटवर्क कार्यक्रम चलाता है। वर्तमान में पांच नेटवर्क कार्यक्रम (विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास; जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता; फसलीय और गैर–फसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन; पर्यावरण में खरपतवारनाशी अवशेषों और अन्य प्रदूषकों की निगरानी; क्षरण और शमन एवं खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन तथा उनके प्रभावों का मूल्यांकन) का संचालन हो रहा है। इसके अलावा निदेशालय स्थानीय शैक्षिक तथा शोध संस्थानों जैसे जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर; रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर; इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर और अन्य विश्वविद्यालयों के कॉलेजों का स्नातकोत्तर/डाक्टरेट शोध कार्य में सहयोग करता है। निदेशालय का कई भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों और अन्य अनुसंधान संगठनों जैसे बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया, शाकनाशी उद्योगों, गैर सरकारी संस्थानों, राष्ट्रीय बीज निगम, भा.कृ.अनु.प.– कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान और कृषि विज्ञान केन्द्र के बीच को सक्रिय सहयोग स्थापित है। इसके अलावा निदेशालय ने भा.कृ.अनु.प. और राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों के साथ एक प्रभावी सहयोग का कदम उठाया है और खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान के दोहराव से बचने के लिये पांच नोडल वैज्ञानिकों का चयन किया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों जैसे कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ चार तदर्थ परियोजनाओं का संचालन भी विभिन्न संस्थानों जैसे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली, आई. आई.एस.एस., भोपाल, दिल्ली यूनिवर्सिटी के साथ में कर रहा है। निदेशालय छात्रों, राज्य के कृषि विभागों के अधिकारियों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और भा.कृ.अनु.प. के वैज्ञानिकों को खरपतवार प्रबंधन के लिये अग्रिम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त निदेशालय में किसान प्रक्षेत्र दिवस/*संगोष्ठी*, उद्योग दिवस, शिक्षा दिवस, विश्व मृदा दिवस, राष्ट्रीय कृषि दिवस, स्थापना दिवस, राष्ट्रीय स्तर पर गाजरघास जागरूकता सप्ताह और वैज्ञानिक–कृषि अधिकारियों, किसानों की इंटरफेस बैठक नियमित रूप से हो रही है।

Networking and collaboration

Directorate co-ordinates its network programmes through All India Coordinated Research Project on Weed Management (AICRP-WM) which has 23 centres at SAUs located in different agro-climatic zones of the country. Five network programmes (*viz.* development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems; weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance; biology and management of problematic weeds in cropped and non-cropped lands; monitoring, degradation and mitigation of herbicide residues and other pollutants in the environment; and on-farm research and demonstration of weed management technologies and impact assessment) are in operation. Besides, Directorate also collaborates with other educational and research institutions, *viz.* Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur; Rani Durgawati Vishwa Vidyalaya, Jabalpur; Indira Gandhi Krishi Vishwa Vidyalaya, Raipur; Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramoday University, Chitrakoot; and other colleges from different universities for M.Sc./PhD. research work. Active collaboration has been established with several ICAR institutes and other research organizations like Borlaug Institute for South Asia (BISA), herbicide industries, NGOs, National Seed Corporation, ATARIs and KVKs. In addition, the Directorate has initiated a significant step towards more effective collaboration with ICAR institutes and SAUs, and nominated five nodal scientists to look after the same in the field of weed management and to avoid duplication of research in weed management. In addition, four adhoc projects also in operation in collaboration with universities and institute like IARI, New Delhi; IISS, Bhopal and Delhi University, New Delhi. Directorate organizes advance training programmes on weed management for students, officers of state agriculture agencies, and scientists of SAUs and ICAR institutes. Besides, organization of Farmers' field days/*sangoshti*, Industry day, Education day, World Soil day, National Agriculture day, Foundation day, Nationwide *Parthenium* Awareness Week and Scientists-Agriculture Officers-Farmers interface meetings and press conferences are regular features of this Directorate.

2017–18 के दौरान बजट (₹ लाखों में)

Budget during 2017-18 (₹ in lakhs)

विवरण Particular	गैर योजना Non-plan		ए.आई.सी.आर.पी.–डब्ल्यू.एम. AICRP-WM	
	पावती Receipt	व्यय Expenditure	पावती Receipt	व्यय Expenditure
(अ) ग्रान्ट इन–एड कैपिटल (A) Grant in-add Capital	54.00	53.35	7.00	6.73
(ब) ग्रान्ट इन–एड सैलरी (B) Grant in-add Salary	650.30	604.05	810.00	810.00
(स) ग्रान्ट इन–एड जनरल (C) Grant in-add General	436.50	315.04	99.99	99.99
योग (अ+ब+स) Total (A+B+C)	1140.80	972.46	916.99	916.72

संसाधन विकास
Resource generation

विवरण Particular	राशि Amount (₹ लाखों में in Lakhs)
अनुबंध शोध Contract research	84.85
परामर्श सेवा Consultancy services	-
कृषि उपज की बिक्री Sale of farm produce	52.66
अन्य (निलामी, विश्राम गृह, परिवहन का उपयोग, निविदा पत्र, सूचना का अधिकार, ब्याज लाइसेंस शुल्क आदि Others (auction, guest house, use of transport, tender paper, RTI, interests, license fee, water charges, dissertation fees, etc.)	38.42
योग Total	175.93

स्टाफ की स्थिति (31.03.2018 के अनुसार)
Staff position (as on 31.3.2018)

विवरण Particular	स्वीकृत Sanctioned	भरे हुए Filled	रिक्त Vacant
अनुसंधान प्रबंधन की स्थिति Research Management Position	01	-	01
वैज्ञानिक Scientist	27	10	17
तकनीकी Technical	23	21	02
प्रशासनिक Administrative	13	08	05
सहायक Supporting	22	21	01

विषयवार वैज्ञानिकों की स्थिति (31.03.2018 के अनुसार)
Discipline-wise position of scientists (as on 31.3.2018)

Disciplines	स्वीकृत Sanctioned			स्थिति में In Position			रिक्त Vacant		
	PS	SS	S	PS	SS	S	PS	SS	S
कृषि जैव प्रौद्योगिकी Agricultural Biotechnology	-	01	03	-	-	-	-	01	03
कृषि रसायन Agricultural Chemicals	01	01	01	-	-	01	01	01	-
कृषि अर्थशास्त्र Agricultural Economics	-	-	01	-	-	-	-	-	01
कृषि कीट विज्ञान Agricultural Entomology	-	01	-	-	-	01*	-	-	-
कृषि विस्तार Agricultural Extension	-	01	-	-	01	-	-	-	-
कृषि सूक्ष्म विज्ञान Agricultural Microbiology	-	-	01	-	-	-	-	-	01
कृषि सांख्यकी Agricultural Statistics	-	-	01	-	-	01	-	-	-
सस्य विज्ञान Agronomy	02	01	03	-	-	03	02	01	-
आर्थिक वनस्पति विज्ञान और पादप आनुवांशिकी संसाधन Economic Botany & Plant Genetic Resources	-	01	01	-	-	01	-	01	-
क्षेत्र यांत्रिकी एवं शक्ति Farm Machinery and Power	-	-	01	-	-	01	-	-	-
पादप रोग विज्ञान Plant Pathology	-	01	-	-	-	-	-	01	-
पादप कार्यिकी Plant Physiology	01	01	01	-	01	-	01	-	01
मृदा विज्ञान Soil Science	-	01	01	-	-	-	-	01	01
योग Total	**04**	**09**	**14**	**-**	**02**	**08**	**04**	**06**	**07**

*- Filled by scientist against senior scientist, PS - Principal Scientist, SS - Senior Scientist, S - Scientist


औरगेनोग्राम (संगठन)
ORGANOGRAM
भाकृअनुप – खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
अनुसंधान सलाहकार समिति
Research Advisory Committee
निदेशक
DIRECTOR
पंचवार्षिक समीक्षा टीम
Quinquennial Review Team
संस्थान अनुसंधान समिति
Institute Research Committee
संस्थान प्रबंधन समिति
Institute Management Committee
शोध विभाग
Research Sections
अखिल भारतीय परियोजना के केन्द्र
AICRP-WM Centres
प्रशासन
Administration
प्रबंधन
Management
सस्य विज्ञान
Agronomy
खरपतवार जीवविज्ञान एवं पादप कार्यिकी
Weed Biology and Physiology
जैविक खरपतवार प्रबंधन
Biological Weed Management
मृदा विज्ञान एवं अवशेष रसायन शास्त्र
Soil Science and Residue Chemistry
सामाजिक विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी हस्तांतरण
Social Sciences and Transfer of Technology
पीएयू, लुधियाना PAU, Ludhiana
सीसीएसएचएयू, हिसार CCSHAU, Hisar
आरएयू, पूसा RAU, Pusa
एएयू, आनंद AAU, Anand
सीएसकेएचपीकेवी, पालमपुर CSKHPKV, Palampur
बीएयू, रांची BAU, Ranchi
जीबीपीयूएटी, पंतनगर GBPUAT, Pantnagar
आईजीकेवी, रायपुर IGKV, Raipur
एनडीयूएटी, फैजाबाद NDUAT, Faizabad
एएयू, जोरहाट AAU, Jorhat
आरवीएसकेवीवी, ग्वालियर RVSKVV, Gwalior
बीएसकेकेवी, दपोली BSKKV, Dapoli
ओयूएटी, भुवनेश्वर OUAT, Bhubaneshwar
यूएएस, बैंगलूरू UAS, Bengaluru
केएयू, त्रिशूर KAU, Thrissur
टीएनएयू, कोयम्बटूर TNAU, Coimbatore
पीजेटीएसएयू, हैदराबाद PJTSAU, Hyderabad
पीडीकेवी, अकोला PDKV, Akola
बीसीकेवी, कल्यानी BCKV, Kalyani
सीएयू, पासीघाट CAU, Pasighat
यूएएस, रायचूर UAS, Raichur
एमपीयूएटी, उदयपुर MPUAT, Udaipur
एसकेयूएएसटी, जम्मू SKUAST, Jammu
आडिट एवं लेखा
Audit and Accounts
स्थापना
Establishment
नगदी एवं बिल
Cash and Bill
भंडार एवं क्रय
Store and Purchase
वरीयताकरण, निगरानी एवं मूल्यांकन इकाई एवं संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई PME and ITMU Cell
परिणाम संरचना प्रलेख इकाई RFD Cell
कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई AKM Unit
पुस्तकालय एवं प्रलेखन Library and Documentation
अनुसंधान प्रक्षेत्र Research Farm
प्रक्षेत्र यांत्रिकी कार्यशाला Farm Machinery and Workshop
राजभाषा इकाई Rajbhasha Cell
संस्थान संयुक्त स्टॉफ समिति IJSC
शिकायत इकाई Grievance Cell
महिला इकाई Women Cell
सुरक्षा Security

1

अनुसंधान कार्यक्रम - 1
RESEARCH PROGRAMME - 1

विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास
Development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems

फसलीय अनुसंधान में खरपतवार प्रबंधन एक सतत् विकास की प्रक्रिया है। विविध फसल प्रणालियों में नये–नये खरपतवार प्रबंधन के तरीकों को विकसित करना आवश्यक है। अतः वर्ष 2017 से विविध फसल प्रणालियों में खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर दीर्घकालीक प्रयोग शुरू किये गए हैं। प्रमुख फसलों में खरपतवार प्रबंधन विकसित चरण में है। हालांकि, यह जैविक फसल प्रणालियों, सब्जियों और बीजीय मसाले की फसलों में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। फसलों और फसल प्रणालियों में खरपतवार का संक्रमण मौसम और प्रबंधन प्रथाओं के साथ बदलती है। संबंधित खरपतवारों की फेनोलॉजी और रूपरेखा भी लगाए गए प्रबंधन प्रथाओं के साथ बदलती है। इसलिए, विभिन्न प्रबंधन स्थितियों के संबंध में खरपतवार के बदलते व्यवहार के बारे में जानना महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र के लिए चावल, मक्का और सोयाबीन आधारित फसल प्रणाली महत्वपूर्ण हैं और इस फसल प्रणाली में खरपतवार की गंभीरता बहुत अधिक है। इन फसलों में विभिन्न नए शाकनाशियों की खोज हुई हैं जो कम डोज अधिक क्षमता के हैं, जो कि वर्तमान में उपलब्ध शाकनाशियों के छिड़काव तकनीक नवीन रसायनों के लिए शायद उपयुक्त नहीं हो सकते जिसमें असमान छिड़काव होने की समस्या हो सकती है। अतः नवीन कम डोज के साथ उच्च क्षमता वाले रसायनों के छिड़काव के लिए छिड़काव तकनीकों को मानकीकृत करने की आवश्यकता है।

Weed management is an ever evolving area of field crops research. Newer methods under diverse cropping systems need to be developed. Weed management is in developed stage in major field crops, however, it has become a challenging task in organic cropping systems, vegetables and seed spice crops. The occurrence of weeds in crops and cropping systems varies with season and management practices. Phenology and morphology of associated weeds also varies with management practices imposed. Therefore, it is important to know about the changing behavior of weeds with respect to various management conditions. Rice, maize and soybean based cropping systems are important for the region and weed severity in these cropping systems is very high. Various new low dose high potency herbicides are being developed which require modified spraying techniques. The existing spraying technologies may not be suitable for these molecules and may cause non-uniform application. For effective application and utilization of the low dose high potency herbicide molecules, the spraying technology needs to be standardized.

परियोजना Project	प्रयोग Experiment	सहयोगी Associates
1.1 फसलों, सब्जियों एवं बीजीय मसालों में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन Integrated weed management in field crops, vegetables and seed spices **प्रमुख अन्वेषणकर्ता:** **आर.पी. दुबे** **Principal Investigator:** **R.P. Dubey**	1.1.1 जैविक रूप से उगाये गये मक्का–हरी मटर–चिकनी तोरई फसल चक्र में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का मूल्यांकन Evaluation of weed management techniques in organically grown maize - greenpea - sponge gourd cropping system	आर.पी. दुबे R.P. Dubey वी.के. चौधरी V.K. Choudhary दिवाकर घोष Dibakar Ghosh
	1.1.2 जैविक रूप से उगाये गये सोयाबीन–चना–मूंग फसल चक्र में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का मूल्यांकन Evaluation of weed management techniques in organically grown soybean - chickpea - greengram cropping system	आर.पी. दुबे R.P. Dubey वी.के. चौधरी V.K. Choudhary दिवाकर घोष Dibakar Ghosh
	1.1.3 खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का भिण्डी, फूलगोभी एवं कद्दू की फसल में मूल्यांकन Evaluation of weed management techniques in okra, cauliflower and pumpkin	आर.पी. दुबे R.P. Dubey वी.के. चौधरी V.K. Choudhary दिवाकर घोष Dibakar Ghosh
	1.1.4 सोयाबीन–गेहूं फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का खरपतवार गतिशीलता एवं फसल उत्पादकता पर दीर्घकालिक प्रभाव Long-term effect of weed management practices on weed dynamics and crop productivity in soybean-wheat cropping system	आर.पी. दुबे R.P. Dubey

परियोजना Project	प्रयोग Experiment	सहयोगी Associates
	1.1.5 कम मात्रा उच्च शक्ति खरपतवारनाशी के लिए छिड़काव तकनीको का मूल्यांकन Evaluation of spraying techniques for low dose high potency herbicide molecules	चेतन सी.आर. Chethan C.R. आर.पी. दुबे R.P. Dubey
1.2 विविधीकृत फसल प्रणाली में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन के लिए प्रमुख खरपतवार प्रजातियों के मोर्फो–शारीरिक अध्ययन Morpho-physiological study of major weed species for sustainable weed management in diversified cropping system **प्रमुख अन्वेषणकर्ता: वी.के. चौधरी** **Principal Investigator: V.K. Choudhary**	1.2.1 संरक्षित कृषि में अंकुरण पश्चात् प्रयोग होने वाले खरपतवारनाशियों का मूंग की उत्पादकता, खरपतवार नियंत्रण दक्षता एवं आर्थिकी पर प्रभाव का अध्ययन Productivity, weed control efficiency and economics as influenced by post-emergence herbicides in greengram under conservation agriculture	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey
	1.2.2 महत्वपूर्ण खरपतवारों की विभिन्न फसल अवशेष की मात्रा पर अंकुरण व्यवहार का अध्ययन Studies on the germination behaviour of important weed species under various crop residue load	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey
	1.2.3 महत्वपूर्ण खरपतवारों की अंकुरण का जल की विभिन्न गहराइयों में अध्ययन Studies on the germination of major weed species under different water depths	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey दिवाकर घोष Dibakar Ghosh
	1.2.4 विभिन्न जलभराव की स्थिति में महत्वपूर्ण खरपतवारों की फिनोलाजी का अध्ययन Studies on the phenology of important weed species under different water regimes	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey
	1.2.5 महत्वपूर्ण खरपतवारों की विभिन्न जल तनाव में फिनोलाजी का अध्ययन Studies on the phenology of important weed species under moisture stress regimes	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey
	1.2.6 विविध फसल प्रणाली में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन Sustainable weed management in diversified cropping systems	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey
	1.2.7 फसल अवशेष भार एवं पानी की छिड़काव मात्रा का खरपतवार नियंत्रण पर प्रभाव Effect of crop residue load and spray volume on weed suppression	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary आर.पी. दुबे R.P. Dubey

1.1 फसलों, सब्जियों एवं बीजीय मसालों में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन (2017–2020)

विविध फसल प्रणालियों में नये–नये खरपतवार प्रबंधन के तरीकों को विकसित करना आवश्यक है। खासकर जैविक कृषि प्रणाली, सब्जियों एवं बीजीय मसाले वाली फसलों में खरपतवार प्रबंधन अभी अधिक विकसित नही हो पाया है। जैविक कृषि के तहत् विभिन्न स्थापित सिद्धांतों को अपनाकर खरपतवार प्रबंधन विकसित किया जा सकता है। सब्जियों एवं बीजीय मसाले वाली फसलों में शाकनाशियों की संस्तुति वर्तमान में कम ही है। अत: खरपतवार प्रबंधन की तकनीकों का विकास इन फसलों में करना आवश्यक हो गया है। साथ ही रसायन स्प्रे तकनीकों का मानकीकरण भी नये एवं कम मात्रा के शाकनाशियों को ध्यान में रखते हुये करना आवश्यक है, जिससे उच्च खरपतवार नियंत्रण दक्षता प्राप्त हो सके।

1.1 Integrated weed management in field crops, vegetables and seed spices (2017-2020)

Newer methods under diverse cropping systems need to be developed. Especially, weed management options in organic systems, vegetable and seed-spice crops are not many. The established principles of weed management can be applied for developing weed management techniques in organic crop production systems. The herbicide availability under vegetable and spice crops is very much limited at present. This calls for developing newer techniques, evaluation of latest herbicides for weed management. Standardizing the spray techniques for new low dose herbicides is very much required for achieving higher weed control efficiencies.

1.1.1 जैविक रूप से उगाये गये मक्का–हरी मटर–चिकनी तोरई फसल चक्र में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का मूल्यांकन

मक्का (खरीफ, 2017)

इस फसल में मुख्य खरपतवार के रूप में *इकाइनोक्लोवा कोलोना, डाइनेब्रा रेटरोफ्लेक्सा, फाइलेन्थस निरूरी, मोलुगो पेन्टाफाइला, साइपेरस इरिया, फाइसेलिस मिनिमा, एक्लिप्टा एल्बा, आल्टरनेंथ्रा सेसिलिस, पासपलेडियम फ्लेविडम* आदि उपस्थित थे। काली पालीथीन मल्च के प्रयोग से खरपतवार के शुष्क भार में 98 प्रतिशत की कमी आई, हरे मल्च से 90 प्रतिशत एवं उड़द की अंतवर्ती फसल से 87 प्रतिशत की कमीं दर्ज की गई। जैविक प्रबंधन तकनीकों से मक्के की उपज में विशेष अंतर नहीं पाया गया **(तालिका 1.1)**। अधिकतम उपज संस्तुत खाद एवं शाकनाशी के प्रयोग से प्राप्त हुई। मक्के (भुट्टे) में निंदाई न करने से उपज में 75.2 प्रतिशत की कमीं आंकी गई।

1.1.1 Evaluation of weed management techniques in organically grown maize - greenpea - spongegourd cropping system

Maize (*Kharif*, 2017)

The major weed flora recorded was: *Echinochloa colona, Dinebra retroflexa, Phyllanthus niruri, Mollugo pentaphyla, Cyperus iria, Physalis minima, Eclipta alba, Alternanthera sessilis, Paspaladium flavidum* and others.The reduction in weed dry weight was highest with black polythene mulch (98%), green mulch (90%) and intercrop (87%) *fb* 1 hand weeding. Significantly higher maize cob yield was obtained under RDF+herbicide and integrated strategy **(Table 1.1)**. The cob yield was reduced by 75.2% in unweeded control compared to RDF+herbicide treatment.

तालिका 1.1:विभिन्न उपचारों का खरपतवार की संख्या, शुष्क भार (बुवाई के 60 दिन पर) एवं मक्का (भुट्टे) की उपज पर प्रभाव

Table 1.1: Weed density, dry weight (60 DAS) and cob yield in organic maize as influenced by treatments

Treatment	Weed density (no./m^2)	Weed biomass (g/m^2)	Plant height (cm)	Cob Yield (t/ha)
VC + SSB *fb* 1 HW	9.8(97.3)	7.6(61.0)	133	4.31
VC + CRM *fb* 1 HW	9.6(95.0)	5.7(32.3)	132	8.21
VC + SSB+ CRM *fb* 1 HW	4.9(24.6)	6.0(37.00)	151	9.27
VC + sesbania green mulch *fb* 1 HW	5.8(34.3)	4.7(23.0)	154	9.05
VC + blackgram intercrop *fb* 1 HW	4.2(19.0)	5.3(29.3)	139	7.06
VC + BPM *fb* 1 HW	4.6(21.3)	1.7(4.4)	144	7.92
RDF + herbicide	5.0(26.0)	3.8(15.0)	176	12.99
50%VC + 50%RDF + herbicide *fb* 1 HW	8.1(68.0)	3.2(10.0)	179	11.53
VC + 2 HW	7.1(50.6)	3.6(13.6)	140	8.62
VC + unweeded	9.8(98.3)	15.2(231.6)	131	3.57
SEm ±	0.5	0.6	5.8	0.96
LSD (P=0.05)	1.4	1.7	17.2	2.86

*खरपतवारों के मान $\sqrt{x+0.5}$ में परिवर्तित, कोष्ठक में मूल संख्या अंकित है।

*Weed data subjected to $\sqrt{x+0.5}$ transformation, original values are in parentheses

VC - vermicompost @ 5 t/ha; SSB - stale seedbed; CRM - crop residue mulch @ 5 t/ha; BPM - black polythene mulch; RDF - recommended dose of fertilizer @140-60-40 N:P_2O_5:K_2O kg/ha; Herbicide - atrazine 1.0 kg/ha fb tembotrione 120 g/ha; HW- hand weeding.

1.1.2 जैविक रूप से उगाये गये सोयाबीन–चना–मूंग फसल चक्र में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का मूल्यांकन

चना (रबी, 2016–17)

इस फसल में *मेडिकागो डेन्टीकुलाटा, चेनोपोडियम एल्बम, विसिया सेटाइवा, लेथाइरस सेटाइवस* आदि मुख्य खरपतवार पाये गये। दो यांत्रिक निंदाई (बुवाई के 20 एवं 40 दिन पर) द्वारा सबसे प्रभावी खरपतवार नियंत्रण पाया गया। इस उपचार से उपज 2.74 ट./हे. पाई गई जबकि संस्तुत खाद एवं शाकनाशी द्वारा उपज 2. 55 ट./हे. रही। बिना निदाई के उपज में 16 प्रतिशत की हानि पाई गई **(तालिका 1.2)**।

1.1.2 Evaluation of weed management techniques in organically grown soybean - chickpea - greengram cropping system

Chickpea (*Rabi*, 2016-17)

The major weed flora recorded was: *Medicago denticulata, Chenopodium album , Vicia sativa, Lathyrus sativus.* Weed control by two mechanical weedings at 20 and 40 DAS was the most effective technique in reducing weed density and producing higher seed yields (12.0/m^2 and 2.74 t/ha, respectively) compared to the treatment with chemical fertilizer and herbicide (23.7/m^2 and 2.55 t/ha, respectively). The unweeded control recorded 16% reduced seed yield compared to the best treatment **(Table 1.2)**.

तालिका 1.2: विभिन्न उपचारों का खरपतवार संख्या, शुष्क भार (बुवाई के 60 दिन पर) एवं चनें की उपज पर प्रभाव
Table 1.2: Weed growth (60 DAS) and seed yield of chickpea as influenced by treatments

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed biomass (g/m²)	Seed yield (t/ha)
VC + normal spacing (30 cm) + SSB *fb* 1MW	5.2(27.3)	2.7(7.4)	2.53
VC + reduced spacing (20 cm) *fb* 1MW	4.4(20.3)	2.3(5.7)	2.53
VC + CRM *fb* 1MW	5.1(26.6)	2.5(6.4)	2.62
VC + coriander intercrop *fb* 1MW	5.3(29.6)	2.4(6.3)	2.67
VC + SSB+ reduced spacing (20 cm) + CRM *fb* 1MW	5.6(32.3)	2.3(5.5)	2.48
VC + normal spacing (30 cm) + 2MW	3.4(12.0)	1.6(2.8)	2.74
RDF + normal spacing (30 cm) + herbicide	4.7(23.6)	2.5(6.7)	2.55
50%VC + 50% RDF + normal spacing (30 cm) + herbicide + 1MW	3.9(16.0)	1.8(3.3)	2.63
VC + normal spacing (30 cm) + unweeded	7.1(51.0)	5.4(30.3)	2.30
SEm ±	0.4	0.2	-
LSD (P=0.05)	1.3	0.6	0.12

*खरपतवारों के मान $\sqrt{x+0.5}$ में परिवर्तित, कोष्ठक में मूल संख्या अंकित है।
*Weed data subjected to $\sqrt{x+0.5}$ transformation, original values are in parentheses
VC - vermicompost @ 2.5 t/ha; SSB - stale seedbed; CRM - crop residue mulch @ 5 t/ha; RDF - recommended dose of fertilizer @ 20-40 N:P_2O_5 kg/ha; Herbicide - (pendimethalin 750 g/ha) ; MW - mechanical weeding.

सोयाबीन (खरीफ, 2017)

सोयाबीन की फसल में मुख्य खरपतवारों में *इकाइनोक्लोवा कोलोना, डाइनेब्रा रेटरोफ्लेक्सा, फाइलेन्थस निरूरी, मोलुगो पेन्टाफाइला, साइप्रस इरिया, फाइसेलिस मिनिमा, एक्लिप्टा एल्बा, अल्टरनेंथ्रा सेसिलिस, पासपलेडियम फ्लेविडम* आदि पाये गये। जैविक खरपतवार प्रबंधन तकनीकों में फसल अवशेष मल्च, हरा मल्च, काली पालीथिन मल्च+1 निदाई का खरपतवार नियंत्रण पर समान रूप से प्रभाव पाया गया। सोयाबीन की फसल फली में दानें भरने की अवस्था पर विपरीत मौसम से प्रभावित हुई जिससे उपज में कमीं पाई गई। स्टेल सीड बेड, कम स्पेसिंग उपचार, बिना निंदाई के उपचार के समान ही उपज दे पाए **(तालिका 1.3)**।

Soybean (*Kharif*, 2017)

The major weed flora recorded was: *Echinochloa colona, Dinebra retroflexa, Phyllanthus niruri, Mollugo pentaphyla, Cyperus iria, Physalis minima, Eclipta alba, Alternanthera sessilis, Paspaladium flavidum*, and others. Among the organic weed management treatments, CRM, green mulch, BPM *fb* 1 HW were at par in reducing the weed biomass and comparable to RDF + herbicide **(Table 1.3)**. In general soybean yields were very low in and around Jabalpur due to unfavorable weather conditions at pod filling stage. However, seed yields were at par in all treatments other than SSB, reduced spacing and unweeded control.

तालिका 1.3: विभिन्न उपचारों का खरपतवार संख्या, शुष्क भार (बुवाई के 60 दिन पर) एवं सोयाबीन की उपज पर प्रभाव
Table 1.3: Weed growth (60 DAS) and seed yield of soybean as influenced by treatments

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed biomass (g/m²)	Pods/plant (no.)	Seed yield (kg/ha)
VC 2.5 t/ha + SSB *fb* 1 weeding	9.9 (97.3)	10.8(119.9)	37.0	325.0
VC + reduced spacing *fb* 1 weeding	9.6 (95.0)	10.9(119.7)	33.6	528.3
VC + CRM *fb* 1 weeding	4.9(24.6)	4.7(22.8)	69.6	606.0
VC + green mulch *fb* 1 weeding	5.8(34.3)	4.5(20.4)	61.3	728.3
VC + SSB + reduced spacing + CRM *fb* 1 weeding	4.2(19.0)	3.9(18.2)	50.6	616.6
VC + black polythene mulch *fb* 1 weeding	4.6(21.3)	4.1(17.2)	70.0	771.6
VC + 2 weeding	5.0(26.0)	4.6(22.5)	63.3	693.6
RDF + herbicide	8.1(68.0)	5.2(30.0)	49.6	688.3
50%VC+50%RDF + herbicide *fb*1 weeding	7.1(50.6)	3.1(11.4)	65.3	605.0
VC + unweeded	9.8(98.3)	12.7(168.6)	21.6	246.6
SEm ±	0.5	0.7	4.4	65.1
LSD (P=0.05)	1.4	2.2	13.1	193.5

*खरपतवारों के मान $\sqrt{x+0.5}$ में परिवर्तितए कोष्ठक में मूल संख्या अंकित है।
*Weed data subjected to $\sqrt{x+0.5}$ transformation, original values are in parentheses
VC - vermicompost @ 2.5 t/ha; SSB - stale seedbed; CRM - crop residue mulch @ 5 t/ha; BPM - black polythene mulch; RDF - recommended dose of fertilizer @ 20-40 N:P_2O_5 kg/ha; Herbicide - imazethapyr 100 g/ha

1.1.3 खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का भिण्डी, फूलगोभी एवं कद्दू की फसल में मूल्यांकन

भिण्डी (खरीफ, 2017)

भिण्डी की फसल में *इकाइनोक्लोवा कोलोना, डाइनेब्रा रेटरोफ्लेक्सा, फाइलेन्थस निरूरी, मोलुगो पेन्टाफाइला, साइप्रस इरिया, फाइसेलिस मिनिमा, एक्लिप्टा एल्बा, आल्टरनेंथ्रा सेसिलिस, पासपलेडियम फ्लेविडम* आदि मुख्य खरपतवार पाए गए। काली पालीथीन से मल्चिंग करने पर शून्य खरपतवार पाए गए। फसल अवशेष मल्च द्वारा खरपतवार की संख्या एवं शुष्क भार में क्रमशः 77 प्रतिशत एवं 97 प्रतिशत की कमीं पाई गई। शाकनाशी की तुलना में कल्चरल खरपतवार तकनीक अधिक प्रभावी पाई गई। बिना निंदाई के भिण्डी की उपज में 65.7 प्रतिशत की कमीं दर्ज की गई **(तालिका 1.4)**।

1.1.3 Evaluation of weed management techniques in okra, cauliflower and pumpkin

Okra (*Kharif*, 2017)

The major weed flora recorded was: *Echinochloa colona, Dinebra retroflexa, Phyllanthus niruri, Mollugo pentahyla, Cyperus iria, Physalis minima, Eclipta alba, Alternanthera sessilis, Paspaladium flavidum,* and others. Mulching with black polythene recorded no weeds. Crop residue mulch reduced the weed density and dry biomass by 77% and 97%, respectively compared to unweeded control **(Table 1.4)**. Cultural treatments significantly outperformed the herbicides application in reducing the weed biomass. The yield reduction in unweeded control was 65.7%.

तालिका 1.4: विभिन्न उपचारों का खरपतवार एवं भिण्डी की फसल व उपज पर प्रभाव

Table 1.4. Treatment effects on weeds, plant growth and yield of okra

Treatment	Weed density 60 DAS (no./m²)	Weed dry biomass 60 DAS (g/m²)	Plant height (cm)	Pod yield (t/ha)
Black polythene mulch	0.7(0.0)	0.7(0.0)	145	8.42
Crop residue mulch 7.5 t/ha	5.9 (36.6)	2.1(4.1)	134	11.38
Sesbania mulch *fb* 1 weeding	6.1(38.3)	3.1(10.1)	154	9.77
Crop residue mulch 7.5 t/ha *fb* 1 weeding	5.7(33.3)	2.3(5.2)	166	12.21
Pendimethalin 750 g/ha *fb* 1 weeding	10.0 (105.0)	5.1(29.6)	125	8.54
Pendimethalin 750 g/ha *fb* quizalofop 50 g/ha	9.2 (90.0)	6.9 (48.4)	126	5.42
Pendimethalin 750 g/ha *fb* pyrithiobac 62.5 g/ha	6.9 (50.6)	6.9 (49.1)	130	6.49
Pyrithiobac 62.5 g/ha at 25 DAS	11.3 (130.3)	8.1(65.4)	113	5.08
Quizalofop 50 g/ha at 25 DAS	8.6 (74.6)	7.1(50.2)	111	5.31
Pyrithiobac 62.5 g/ha + quizalofop 50 g/ha at 25 DAS	8.0 (64.0)	8.8 (79.9)	110	5.24
Two weeding 20 & 40 DAS	5.3(28.6)	2.2 (4.4)	135	7.94
Unweeded	12.0(145.3)	15.6 (244.5)	89	4.18
SEm ±	0.8	0.6	9.9	0.76
LSD (P=0.05)	2.5	1.7	29.2	2.23

*खरपतवारों के मान $\sqrt{x+0.5}$ में परिवर्तितए कोष्ठक में मूल संख्या अंकित है।
*Weed data subjected to $\sqrt{x+0.5}$ transformation, original values are in parentheses

1.1.4 सोयाबीन–गेहूं फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का खरपतवार गतिशीलता एवं फसल उत्पादकता पर दीर्घकालिक प्रभाव

सोयाबीन–गेहूँ फसल प्रणाली में शाकनाशियों के विभिन्न उपचारों के प्रभाव जानने हेतु एक प्रयोग 2016–17 के *रबी* मौसम में गेहूँ में किया गया **(चित्र 1.1)**।

1.1.4 Long-term effect of weed management practices on weed dynamics and crop productivity in soybean-wheat cropping system

An experiment was conducted on wheat during *Rabi* season of 2016-17 in soybean- wheat cropping system to study the effects of pre and post-emergence herbicides on weeds and crop yield **(Figure 1.1)**.



Figure 1.1: Weed flora composition in unweeded control at 60 DAS

दो निंदाई, मेजोसल्फ्यूरॉन+आइडोसल्फ्यूरॉन (12 + 2.4 ग्रा./हे.) 30 दिन पर उपरांत 1 निंदाई 40 दिन पर, पेण्डीमिथेलिन 750 ग्रा./हे. उपरांत मेजोसल्फ्यूरॉन+आइडोसल्फ्यूरॉन (12 + 2.4 ग्रा./हे.) 30 दिन पर, द्वारा अधिकतम खरपतवार नियंत्रण दक्षता पाई गई। गेहूं की अधिकतम् उपज भी इन्हीं उपचारों के प्रयोग से प्राप्त हुई **(तालिका 1.5)**।

Highest weed control efficiency (WCE) was recorded by 2 HW, mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) g/ha 30 DAS *fb* 1 HW 40 DAS, pendimethalin 750 g/ha PE *fb* mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) g/ha 30 DAS. Highest grain yield was obtained by 2 HW, pendimethalin 750 g/ha PE *fb* 1 HW 40 DAS, mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) g/ha 30 DAS fb 1 HW 40 DAS **(Table 1.5)**.

तालिका 1.5: विभिन्न मुख्य उपचारों का खरपतवार शुष्क पदार्थ 60 दिन बुवाई के बाद, खरपतवार नियन्त्रण दक्षता तथा गेहूं की उत्पादकता पर प्रभाव

Table 1.5: Effect of major treatments on weed dry biomass at 60 DAS, WCE, and grain yield in wheat

Treatment	Weed dry weight (g/m^2) *	WCE (%)	Grain yield (t/ha)
Pendimethalin 750 g/ha PE	9.4 (88.0)	41.9	2.79
Pendimethalin 750 g/ha PE fb Mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) g/ha 30 DAS	2.7 (7.2)	95.2	4.78
Pendimethalin 750 g/ha PE fb 1 HW 40 DAS	5.5 (30.5)	79.9	5.18
Mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) g/ha 25 DAS	5.0 (24.7)	83.5	4.33
Mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4) g/ha 30 DAS fb 1 HW 40 DAS	1.5 (1.8)	98.8	5.11
2 HW 20 & 40 DAS	1.6 (2.0)	98.5	6.06
Unweeded Control	12.3 (150.7)	0.0	2.29
SEm ±	0.4	2.8	0.15
LSD (P=0.05)	1.2	8.3	0.44

*खरपतवारों के मान $\sqrt{x+0.5}$ में परिवर्तित, कोष्ठक में मूल संख्या अंकित है।
*Weed data subjected to $\sqrt{x+0.5}$ transformation, original values are in parentheses

1.1.5 कम मात्रा उच्च शक्ति खरपतवारनाशी के लिए छिड़काव तकनीकों का मूल्यांकन

2017 के खरीफ मौसम की धान फसल में कम डोज उच्च शक्ति खरपतवारनाशी अणुओं के लिए छिड़काव तकनीक को मानकीकृत करने के लिए एक प्रयोग आयोजित किया गया था।

धान (खरीफ, 2017)

	2.3.2 *जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा* के जीवन चक्रपर बढ़ी हुई कार्बन डाईआक्साईड और तापमान का प्रभाव Effect of elevated CO_2 and temperature on biology of *Zygogramma bicolorata*	सुशील कुमार Sushil Kumar भूमेश कुमार Bhumesh Kumar
	2.3.3 मेजबान पादप का बढी हुई कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान में *जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा* के विकास प्रदर्शन पर मध्यस्थ प्रभाव Host plant mediated effects of elevated CO_2 and temperature on growth performance of Mexican beetle *Zygogramma bicolorata*	सुशील कुमार Sushil Kumar भूमेश कुमार Bhumesh Kumar

2.1. बहुमुखी जलवायु परिवर्तन के तहत फसल–खरपतवार जीवविज्ञान

2.1.1. शीतकालीन मक्का और खरपतवार प्रजातियों पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव

शीतकालीन मक्का और खरपतवार प्रजातियों (*चिनोपोडियम एल्बम* और *फैलैरिस माइनर*) पर पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड (550 ± 50 पीपीएम) और तापमान (परिवेश + 2.0 ± 0.5 से.ग्रे.) के प्रभाव का ओपन टॉप चैम्बर्स (ओटीसी) में विभिन्न आकारिकी और पादपकार्यकीय मापदंडों का अध्ययन किया गया। उच्च कार्बन डाइआक्साइड एवं उच्च तापमान के अलग–अलग और इन दोनों के संयोजन के तहत् सभी तीन प्रजातियों के समग्र वृद्धि और विकास पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया। वृद्धि और विकास की दृष्टि से *चिनोपोडियम एल्बम* जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत सबसे जयादा प्रतिकिर्यात्मक पाया गया, जो कि इस खरपतवार की जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन क्षमता को दर्शाता है।

2.1 Crop-weed biology under multifaceted climate change

2.1.1. Effect of elevated CO_2 and temperature on winter maize and weed species

Effect of elevated CO_2 (550 ± 50 ppm) and elevated temperature (ambient + 2.0 ± 0.5 °C) on winter maize and weed species (*Chenopodium album* and *Phalaris minor*) was studied in open top chambers (OTCs). Different morphological and physiological parameters were studied. Enrichment of atmospheric CO_2 alone as well as in combination with elevated temperature had positive effect on overall growth and development of all the three species under study. *Chenopodium album* was found to be the most responsive to elevated CO_2 in terms of growth and development suggesting adaptive potential of this weed species towards climate change.



शीतकालीन मक्का और खरपतवार प्रजातियों की वृद्धि और विकास पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव (तस्वीरें बुवाई के 45 दिन बाद में ली गईं)
Effect of elevated CO_2 and temperature on growth and development of winter maize and weed species (Photographs taken at 45 DAS)

मक्का एवं खरपतवार प्रजातियों पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड की स्थिति में पौधों की ऊंचाई **(चित्र 2.1)**, पत्तियों के क्षेत्रफल **(चित्र 2.2)** और सापेक्ष विकास दर पर (आरजीआर) **(चित्र 2.3)** वृद्धि की दोनों ही अवस्थाओं (बुवाई के 45 और 90 दिन बाद) में सामान्य परिवेश की अपेक्षा सकारात्मक प्रभाव पाया गया। उच्च तापमान पर, पौधों की ऊंचाई के साथ–साथ मक्का के पत्तियों के क्षेत्रफल में सामान्य परिवेश स्थिति की तुलना में वृद्धि हुई, हालांकि दोनों खरपतवार प्रजातियों (*चिनोपोडियम एल्बम* और *फैलैरिस माइनर*) में ज्यादा अंतर नहीं देखा गया। उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च तापमान के अंतर्गत मक्का एवं *चिनोपोडियम एल्बम* के पौधों की ऊंचाई और पत्तियों के क्षेत्रफल में सामान्य परिवेश स्थिति की तुलना में वृद्धि हुई हालांकि, *फैलैरिस माइनर* में केवल मामूली वृद्धि ही पायी गयी। मक्का की अनाज उपज **(चित्र 2.4)** में सामान्य परिवेश स्थिति की तुलना में उच्च कार्बन डाइऑक्साइड की स्थिति में (14.43%), उच्च उच्च तापमान की स्थिति में (17.53%) और उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च उच्च तापमान की स्थिति में (1 9 .5 9%) की वृद्धि पायी गयी। मक्का मूल रूप से एक उष्णकटिबंधीय फसल है और इसकी वृद्धि कम तापमान की स्थिति में बाधित होती है। प्राप्त परिणामों के अनुसार तापमान में 2 से.ग्रे. का अंतर शीतकालीन मौसम की रात के दौरान होने वाले निम्न तापमान (जो कभी–कभी 10 से.ग्रे. से नीचे चला जाता है) के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में लाभदायक साबित हुआ। खरपतवार प्रजातियों में, *चिनोपोडियम एल्बम* उच्च कार्बन डाइऑक्साइड की स्थिति में सबसे अधिक प्रतिक्रियाशील पाया गया, हालांकि उच्च तापमान की स्थिति में बहुत अंतर नहीं पाया गया। *फैलैरिस माइनर* में उच्च कार्बन डाइऑक्साइड की स्थिति में और उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च उच्च तापमान की स्थिति में मामूली वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा, विस्तृत कार्यकी और जैव रासायनिक विश्लेषण भी किया जा रहा है।

Elevated CO_2 (EC) had a positive effect on plant height **(Figure 2.1)**, leaf area **(Figure 2.2)**, and relative growth rate (RGR) **(Figure 2.3)** of maize as well as weed species at both the growth stages (45 and 90 DAS) as compared to that at ambient conditions. At elevated temperature (ET), plant height as well as leaf area of maize increased as compared to ambient conditions, however, not much difference was observed in two weed species (*Chenopodium* and *Phalaris minor*). Under combination of elevated CO_2 and elevated temperature (EC+ET), plant height and leaf area increased in maize as well as in *Chenopodium album* as compared to that under ambient conditions, however, only marginal increase was evident in *Phalaris minor*. An increase in grain yield of maize was noticed under elevated CO_2 (14.43%), elevated temperature (17.53%) and combination of these two factors (19.59%) as compared to ambient conditions **(Figure 2.4)**. Maize is basically a tropical crop and its growth hampers under low temperature condition. Our results suggest that a temperature difference (2^{0}C) proved beneficial in overcoming adverse effect of prevailing low temperature during nights of winter season (which sometime dip below 10 ^{0}C in Jabalpur conditions). Among the weed species, the *Chenopodium album* was found to be most responsive to elevated CO_2, however not much difference was observed under elevated temperature. In *Phalaris minor*, only slight increase was evident under elevated CO_2 alone as well under combination of elevated CO_2 and elevated temperature. Further, detailed physiological and biochemical analysis is being done.



चित्र 2.1: शीतकालीन मक्का और खरपतवार प्रजातियों की पौधों की ऊंचाई पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव
Figure 2.1: Effect of elevated CO_2 and temperature on plant height of winter maize and weed species



चित्र 2.2: शीतकालीन मक्का और खरपतवार प्रजातियों की पत्तियों के क्षेत्रफल पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव
Figure 2.2: Effect of elevated CO_2 and temperature on leaf area of winter maize and weed species



चित्र 2.3: शीतकालीन मक्का और खरपतवार प्रजातियों की सापेक्ष विकास दर पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव
Figure 2.3: Effect of elevated CO_2 and temperature on relative growth rate (RGR) of winter maize and weed species



चित्र 2.4: शीतकालीन मक्का की अनाज उपज पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव
Figure 2.4: Effect of elevated CO_2 and temperature on grain yield of winter maize

2.1.2 *फायसलिस पेरुवियना* एवं *फायसलिस मिनिमा* में पेप्टाइड प्रोफाइल (एसडीएस–पेज) पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव

एसडीएस–पेज पेप्टाइड प्रोफाइल में परिवर्तनों का अध्ययन सामान्य परिवेश, उच्च कार्बन डाइऑक्साइड, उच्च तापमान एवं उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च तापमान की स्थिति में ट्रीटमेंट्स के तीस दिनों बाद दो *फायसलिस* प्रजातियों (*फायसलिस पेरुवियना* एवं *फायसलिस मिनिमा*) की पत्तियों में किया गया। *फायसलिस मिनिमा* में अधिकतम 16 बैंड्स जबकि *फायसलिस पेरुवियना* में अधिकतम 18 बैंड्स देखे जा सके। *फायसलिस मिनिमा* की पत्तियों में दो पेप्टाइड्स (शीर्ष से नौवीं और चौहदवीं बैंड) की अभिव्यक्ति विभिन्न उपचारों के तहत अलग–अलग पायी गयी। शीर्ष से नौवीं बैंड केवल उच्च कार्बन डाइऑक्साइड, एवं उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च उच्च तापमान की स्थिति में ही दिखाई दी। जबकि शीर्ष से चौहदवीं बैंड की अभिव्यक्ति केवल उच्च तापमान एवं उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च उच्च तापमान की स्थिति में ही पायी गयी। *फायसलिस पेरुवियना* की पत्तियों में चार पेप्टाइड्स (शीर्ष से छटी, दसवीं, चौहदवीं और सौलंवी बैंड) विभिन्न उपचारों के तहत उगाए जाने वाले पौधों में अलग–अलग तरीके से अभिवयक्त हुई। शीर्ष से छटी बैंड सामान्य परिवेश एवं उच्च तापमान की स्थिति में अभिवयक्त हुई, लेकिन अन्य ट्रीटमेंट्स में अनुपस्थित पायी गयी। शीर्ष से दसवीं बैंड केवल उच्च कार्बन डाइऑक्साइड एवं उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च तापमान की स्थिति में ही दिखाई दी। दूसरी तरफ, शीर्ष से सौलंवी बैंड केवल उच्च तापमान एवं उच्च कार्बन डाइऑक्साइड + उच्च तापमान की स्थिति में ही दिखाई दी। दो फायसलिस प्रजातियों के पेप्टाइड पैटर्न के आधार पर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि *फायसलिस मिनिमा* में नौवीं बैंड और *फायसलिस पेरुवियना* में दसवीं बैंड केवल उच्च कार्बन डाइऑक्साइड से संबंधित हैं, जबकि *फायसलिस मिनिमा* में चौहदवीं बैंड और *फायसलिस पेरुवियना* में सौलंवी बैंड उच्च तापमान विशिष्ट हो सकती है। *फायसलिस पेरुवियना* में छटी बैंड प्रजाति– विशिष्ट प्रतीत होती है जो कि कभी भी *फायसलिस मिनिमा* में दिखाई नहीं दी है **(चित्र 2.5)**।

2.1.2 Effect of elevated temperature and elevated CO_2 on peptide profile (SDS-PAGE) in *Physalis peruviana* and *Physalis minima*

Changes in peptide profile were studied using SDS-PAGE in the leaves of two *Physalis* species (*P. minima* and *P. peruviana*) grown under ambient condition (A), elevated temperature (ET), elevated CO_2 (EC) and elevated temperature + elevated CO_2 (ET+EC) at 30 DAT. Maximum 16 bands could be resolved in *P. minima*, while in *P. peruviana*, maximum 18 bands were resolved. In the leaves of *P. minima*, two peptides (9th and 14th bands from top) expressed differentially under different treatments. Ninth band from top appeared only at elevated CO_2, and elevated temperature + elevated CO_2. On the other hands, band number 14 from top appeared only at elevated temperature and elevated temperature + elevated CO_2. In the leaves of *P. peruviana*, four peptides (6th, 10th, 14th and 16th bands from top) expressed differentially in plants grown under different treatments. Sixth band from top appeared under control conditions and at elevated temperature, but absent in other treatments. Band number 10 from top appeared only at elevated CO_2, and elevated temperature + elevated CO_2. On the other hands, band number 16 from top appeared only at elevated temperature and elevated temperature + elevated CO_2. On the basis of peptide pattern emerged from the two *Physalis* species, it may be inferred that band number 9 in *P. minima* and band number 10 in *P. peruviana* appeared only at elevated CO_2 individually or in combination with elevated temperature, while band number 14 in *P. minima* and band number 16 in *P. peruviana* may be specific elevated temperature. Band number 6 in *P. peruviana* seems to be species-specific and never appeared in *P. minima* **(Figure 2.5)**.



चित्र 2.5: *फायसलिस पेरुवियना* एवं *फायसलिस मिनिमा* में पेप्टाइड प्रोफाइल (एसडीएस–पेज) पर उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का प्रभाव
Figure 2.5: Effect of elevated temperature and elevated CO_2 on peptide profile (SDS-PAGE) in *Physalis peruviana* and *Physalis minima*

2.1.3 भारत के खरपतवारों का संग्रहण, चरित्रांकन और प्रलेखन

खरपतवार की 53 प्रजातियों के नमूने जबलपुर, नरसिंहपुर और बरगी के कुछ गांवों से एकत्रित किये गये थे, जिसे ब्लाटिंग पेपर में रखकर सामान्य तापमान पर सुखाया गया था। सूखे नमूनों को एथिल एल्कोहल में मर्क्युरिक क्लोराइड के संतृप्त घोल में डाला गया (2.0 मर्क्युरिक क्लोराइड को 1.0 लिटर एथिल एल्कोहोल में घोला) और हर्बेरियम तैयारी के लिए हर्बेरियम नमूने को हर्बेरियम पेपर पर चिपकाया गया। तैयार हर्बेरियम नमूने 21 फेमिली और 47 जीनस से संबंधित है। हर्बेरियम तैयारी के लिए एकत्रित अधिकतम प्रजातियां पोएसी (9 प्रजातियां), फैबेस (6 प्रजातियां) और अमरेंथेसी, एस्टेरेसी और मालवेसी (प्रत्येक से 5 प्रजातिया) से संबंधित थी **(चित्र 2.6)**।

2.1.3 Collection, characterization and documentation of weeds of India

Plant sample of 53 weed species were collected from Jabalpur, Narsinghpur, village of Bargi location etc. were dried by putting between blotting papers at room temperature. Dried specimens was dipped in saturated solution of mercuric chloride in ethyl alcohol (2.0 g $HgCl_2$ in 1.0 litre of ethyl alcohol) and pasted on the herbarium sheet for herbarium preparation. Prepared herbarium samples belong to 21 family and 47 genus. The maximum species collected for herbarium preparation were belongs to the Poaceae (9 species), Fabaceae (6 species) and Amaranthaceae, Asteraceae and Malvaceae (5 species each) **(Figure 2.6)**.

अल्टरनेन्थरा पेरोनिकोइडस और *अल्टरनेन्थरा सेसाइलिस* के हर्बेरियम नमूने
Herbarium specimen of *Alternanthera paronychioides* and *Alternanthera sessilis*



चित्र 2.6: हर्बेरियम नमूने के लिए एकत्रित प्रजातियों की संख्या
Figure 2.6: Numer of species collected for herbarium preparation

सी.एस.आई.आर.–एन.बी.आर.आई., लखनऊ में माइक्रोस्कोप का उपयोग करके 180 विभिन्न खरपतवार प्रजातियों से खरपतवार बीज की उच्च रेजोल्यूशन तस्वीर नई तकनीक के साथ ली गई। विभिन्न प्रजातियों को भारत के विभिन्न कृषि–पारिस्थितिक तंत्रों से एकत्र किया गया था। इन खरपतवार प्रजातियों को निदेशालय में भी रखा गया। *खरीफ* और *रबी* मौसमों की प्रमुख खरपतवार प्रजातियों को उगाया गया और निदेशालय के ''वीड कैफेटेरिया'' में प्रदर्शित किया गया।

High resolution picture of weed seeds from 180 different weed species were taken with new techniques using dissecting microscope at CSIR-NBRI, Lucknow. The different species were collected from different agro-ecosystems of India. These weed species also maintained in the Directorate. Major weed species of *Kharif* and *Rabi* seasons were grown and displayed in "Weed Cafeteria" of this Directorate.



Phalaris minor Retz. *Medicago polymorpha* L.

Convolvulus arvensis L. *Cyperus iria* L.

Commelina benghalensis L. *Echinochloa colona* (L.) Link

Eleusine indica (L.) Gaertn.

2.1.4 *मेडिकागो पोलीमोर्फा* जैवसमरूप के अंकुरण और विकास पर बीज बोने की गहराई और अवशेष भार का प्रभाव

मेडिकागो पालिमोरफा के विभिन्न बायोटाइप (काले और पीले छिलके वाले बीज) के विकास पर बीज की गहराई के प्रभाव का अध्ययन नेट हाउस में किया गया था। प्रत्येक बायोटाइप के पच्चीस बीजों को एक ही पंक्ति में 40 सेमी. मिट्टी की सतह पर प्लास्टिक ट्रे में रखा गया था (परिमाप: 50 सेमी. X 40 सेमी. X 40 सेमी)। बीजो को 0, 2, 4, 6, 8 और 10 सेमी. की गहराई प्राप्त करने के लिए उसे मिट्टी से ढक दिया गया था। बीज को 1 सेमी. गहराई पर बोये गये और 0, 2, 4, 6, 8 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से धान के अवशेष के साथ कवर किया गया। उचित अंकुरण और पर्याप्त नमीं बनाए रखने के लिए समय–समय पर सिंचाई की गई। जब कॉलयोपटाइल आसानी से पहचाने जा सकते थे तो पौधे को उगा हुआ माना जाता था। परीक्षण बुवाई के 21 दिन बाद समाप्त कर दिया गया था।

मे. पालिमोरफा के विभिन्न बायोटाइप के अंकुरण प्रतिशत और नवांकुर बढाव की प्रवृत्ति एक समान थी **(तालिका 2.1)**। यद्यपि पीले छिलके वाले बायोटाइप की तुलना में काले छिलके वाले बायोटाइप में उच्चतर जड़ और तना लम्बाई को मापा गया था। जबकि, बीज की गहराई दोनों बायोटाइप के अंकुरण प्रतिशत और नवांकुर बढाव को प्रभावित करती है। बीज की बढ़ती गहराई के साथ अंकुरण प्रतिशत और नवांकुर बढाव बहुत कम हो गई थी। मिट्टी की ऊपरी सतह से अधिकांश बीज अंकुरित हुए थे, जबकि 10 सेमी. गहराई पर केवल 0.5 प्रतिशत बीज ही अंकुरित हुए थे।

2.1.4 Effect of seeding depth and residue load on germination of different biotypes of *Medicago polymorpha*

Effect of different biotypes (Black and yellow seed coating) of *M. polymorpha* and seeding depth on its growth was studied in net house. Twenty five seeds of each biotype were placed in a single row of 40 cm on the soil surface of plastic trays (dimension: 50 cm × 40 cm × 40 cm). Seeds were then covered with the same soil to achieve burial depths of 0, 2, 4, 6, 8, and 10 cm. For residue load, seeds were sown at 1 cm depth and covered with rice residue to achieve 0, 2, 4, 6, 8, and 10 t rice reside per hectare, accordingly. Adequate soil moisture for proper germination was maintained by timely irrigation. Seedlings were considered 'emerged' when the coleoptiles could easily be recognized. The experiment was terminated 21 days after sowing.

The germination% and seedling growth of different biotypes of *M. polymorpha* was similar in nature **(Table 2.1)**. Although higher root and shoot length was measured with black seed coat biotypes in comparison with yellow seed coat biotype. Whereas, the seeding depth was significantly influenced the germination percentage and seedling growth of both the biotypes. With increasing depth of seeding the germination% and seedling growth was reduced drastically. Most of the seed from top layer of soil was germinated, on the other hand, only 0.5% seeds were germinated from a depth of 10 cm.

तालिका 2.1: *मेडिकागो पोलीमोर्फा* बायोटाइपस के अंकुरण और विकास पर बीज बोने की गहराई का प्रभाव
Table 2.1: Effect of seeding depth on germination and growth of different biotypes of *M. polymorpha*

Treatment	Germination (%)	Root length (cm)	Shoot length (cm)
Seed colour			
Black	25.4	5.78	3.83
Yellow	25.9	5.21	3.82
LSD (p=0.05)	**NS**	**NS**	**NS**
Seeding depth (cm)			
0	61.1	12.0	7.72
2	47.2	8.31	5.87
4	32.2	7.20	4.17
6	10.5	3.29	3.09
8	2.21	1.30	1.30
10	0.55	0.83	0.83
LSD (p=0.05)	**14.14**	**2.79**	**2.05**

NS: Non significant

इसी तरह से, *मे. पालिमोरफा* के विभिन्न बायोटाइप के अंकुरण प्रतिशत और नवांकुर बढाव में अवशेष भार की प्रवृत्ति एक समान देखी गई थी **(तालिका 2.2)**। धान अवशेषों की बढ़ती मात्रा के साथ अंकुरण एवं नवांकुर बढाव दोनों बायोटाइप में बहुत कम हो

Similar trend was observed with the residue load on the germination% and seedling growth of different biotypes of *M. polymorpha* **(Table 2.2)**. With increasing amount of rice residue the germination% and seedling

गई थी। धान अवशेष 6 टन/हेक्टेयर या उससे अधिक होने पर *मे. पालिमोरफा* के दोनों बायोटाइप के अंकुरण और नवांकुर बढाव बहुत कम हो गई थी। यह देखा गया था कि धान अवशेष 6 टन/हेक्टेयर या उससे अधिक होने पर *मे. पालिमोरफा* के दोनों बायोटाइप के मिट्टी से निकलने को पूरी तरह से दबा देता है।

growth was reduced drastically of both the biotypes. It was observed that rice residue with 6 t/ha or higher completely suppress the emergence of both the biotypes of *M. polymorpha*.

तालिका 2.2: *मेडिकागो पोलीमोर्फा* बायोटाइपस के अंकुरण और विकास पर अवशेष भार का प्रभाव
Table 2.2 : Effect of residue load on germination and growth of different biotypes of *M. polymorpha*

Treatment	Germination (%)	Root length (cm)	Shoot length (cm)
Seed colour			
Black	8.89	3.52	5.18
Yellow	6.61	3.44	6.61
LSD (p=0.05)	**NS**	**NS**	**NS**
Residue load (t/ha)			
0	20.5	9.01	12.8
2	18.8	6.23	13.8
4	7.16	5.63	8.78
6	0.00	0.00	0.00
8	0.00	0.00	0.00
10	0.00	0.00	0.00
LSD (p=0.05)	**4.71**	**4.23**	**1.73**

NS: Non significant

2.1.5 लंबे समयावधि के लिये *खरीफ* खरपतवार बीजों को विभिन्न गहराई में दबाने से उसके अंकुरण व्यवहारता पर प्रभाव

आठ प्रकार के खरीफ खरपतवार बीजों को वीड कैफेटेरिया भूखण्डों में 10 और 20 सेमी. गहराई में रखा गया और अंकुरण परीक्षण के लिए दो साल बाद बाहर निकाला गया था। *इकाइनोक्लोआ कोलोना* और *इ. क्रूसगैली* के बीज 10 सेमी. गहराई पर ओर *साइप्रस इरिया* और *सा. टेन्यूस्पिका* के बीज 20 सेमी. गहराई पर दीमक के द्वारा खाया गया था। जबकि *मेरेमिया इमारजिनेटा* के कुछ बीज दोनों गहराइयों में दबे रहने की स्थिति में भी अंकुरित हो गए थे। हालांकि *सिजुलिया एक्सिलेरिस, सा. टेन्यूस्पिका* और *ब्रैकिएरिया एरूसिफार्मिस* के बीज 10 सेमी. गहराई पर तथा *सि. एक्सिलेरिस, ई. कोलोना, ई. क्रूसगैली* और *ब्रै. एरूसिफार्मिस* 20 सेमी. गहराई पर फंगल संक्रमण के कारण सड गये थे। *एक्लीप्टा प्रोस्ट्राटा* के बीज स्वस्थ थे लेकिन पेट्रिडिश में अंकुरित नही हो पाए। हालांकि, *मे. इमारजिनेटा* और *सा. इरिया* के बीज क्रमशः 56 और 29 प्रतिशत अंकुरित हुये थे (बीज 10 सेमी. गहराई से बाहर निकाले गये)। जबकि *मे. इमारजिनेटा* के बीज जो कि 20 सेमी. गहराई से निकाले गये थे उनमें 41 प्रतिशत अंकुरण पाया गया।

2.1.5 Long term effect of burial of seeds at different depth on the germination and viability of *Kharif* weed seed in natural soil condition

Eight *Kharif* weed seeds were kept at 10 and 20 cm depth in weed cafeteria plots and after two years taken out for germination test. Seeds of *Echinochloa colona* and *Echinochloa crus-gallli* at 10 cm depth and *Cyperus iria* and *C. tenuispica* at 20 cm depth were eaten by the termites. Whereas few seeds of *Merremia emarginata* were germinated in burial condition at both the depth. However, seeds of *Caesulia axillaris, Cyperus tenuispica* and *Brachiaria eruciformis* at 10 cm depth and *C. axillaris, E. colona, E. crus-galli* and *B. eruciformis* at 20 cm depth was rottened due to fungal infection. Seeds of *Eclipta prostrata* was healthy but could not germinated in petridish. However, seeds of *M. emarginata* and *C. iria* was germinated 56 and 29%, respectively (seeds taken out from10 cm depth). While seeds of *M. emarginata* was germinated 41% in seeds taken out from 20 cm depth.

2.2 *चिनोपोडियम* प्रजातियों के पोष्टिक मूल्यांकन, आकारिकी और आनुवांशिक विविधता का अध्ययन

चिनोपोडियम एलबम और *चि. फिसिफोलियम* खरपतवार के जीव विज्ञान का अध्ययन किया गया। दोनों प्रजातियों को निदेशालय के वीड कैफेटेरिया में उगाया गया। विभिन्न आकारिकी पैरामीटर जैसे की पौधों की ऊचाई, फूलों की शाखायें, टेस्ट वेट (1000 बीज वजन) और एक पौधे में बीजों की संख्या का अध्ययन व अवलोकन किया गया। दोनों स्पीसीज में से *चि. फिसिफोलियम* में पौधों की ऊंचाई, फूलों की शाखायें और एक पोधे में बीजों की संख्या *चि. एलबम* की तुलना में अधिक थी। इसके विपरीत *चि. एलबम* का टेस्ट वेट, *चि. फिसिफोलियम* से अधिक था **(तालिका 2.3)**।

2.2 Studies on the nutritional assessment, morphological and genetic diversity of *Chenopodium* species

Weed biology of *Chenopodium album* and *C. ficifolium* were studied. Both the species were grown in weed cafeteria at the Directorate. Different morphological parameters such as plant height, flowering branches, test weight (1000 seed weight) and number of seeds/plant were observed and worked out. Among the two species, plant height, flowering branches and number of seeds/plant was higher in *C. ficifolium* as compared to *C. album*. Conversely, test weight of *C. album* was greater than *C. ficifolium* **(Table 2.3)**.

तालिका 2.3: *चिनोपोडियम एलबम* और *चि. फिसिफोलियम* खरपतवार का जीवविज्ञान
Table 2.3 : Weed biology of *Chenopodium album* and *C. ficifolium*

Treatment	*Chenopodium album* L.	*Chenopodium ficifolium* Sm.
Plant height (cm)	54-91*	75-111
Flowering branches (No./plant)	17-27	18-32
Test weight [100 seed weight (g)]	0.522	0.363
No. of seeds/plant	7637 - 42163	20217 - 77057

* Values are average of five plants



Chenopodium album L.



Chenopodium ficifolium Sm.

2.3 समस्याकारक खरपतवारों का जैवकीय नियंत्रण आधारित समन्वित प्रबंधन

2.3.1 गाजरघास के साथ उड़द दाल के उत्पादन और बीटल *जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा* की जैविक क्षमता पर बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान का प्रभाव

भारतीय कृषि पर गाजरघास का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। गाजरघास फसल उत्पादन, पशु और मानव स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। गाजरघास का उडद की फसल और बढ़ी हुई

2.3 Biological based integrated management of problematic weeds

2.3.1 Effect of elevated CO_2 and temperature on yield of blackgram crop grown amidst *parthenium* weed and biocontrol efficiency of *Zygogramma bicolorata*

The issue of *Parthenium hysterophorus* weed is very important in Indian agriculture. It has adverse effects on crop yield, as well as animal and human health. A study was

कार्बन डाई आक्साइड में मेक्सिकन बीटल का प्रभाव देखने के लिये खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में ऊपर से खुले कक्षों में एक प्रयोग किया गया जिसमें 4 प्रकार के उपचार किये गये थे। पहला– बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड + बढा हुआ तापमान + 30 नम्बर बीटल, दूसरा–केवल बढी हुई कार्बन डाईऑक्साइड + 30 नम्बर बीटल, तीसरा–केवल बढा हुआ तापमान + 30 नम्बर बीटल, और चतुर्थ–पर्यावरणीय कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान + 30 नम्बर बीटल। परिणाम में पाया गया कि बढी हुई कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान वाले कक्षों में उड़द दाल के पौधों की लम्बाई और पत्तियों की संख्या तथा गाजरघास पौधों की लम्बाई और पत्तियों की संख्या सामान्य पर्यावरणीय कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान की तुलना में अधिक बढ़ी हुई थी। इसी प्रकार *जाइगोग्रामा* बीटल्स के साथ उपचार करने पर उड़द दाल के पौधों की पत्तियाँ, फल्ली की संख्या, तनें की लम्बाई, पौधों का भार अनउपचारित (जहां बीटल्स नही छोडी गई) की तुलना में अधिक रहा। उड़द दाल का उत्पादन केवल बढी हुई कार्बन डाईऑक्साइड में 0.69 टन/हे, बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड और बढ़े हुए तापमान में 0.56 टन/हे, केवल बढ़े हुए तापमान में 0.59 टन/हे, जबकि अनउपचारित (जहां बीटल्स नही छोडी गई) में 0.47 टन/हे उत्पादन रहा।

2.3.2 *जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा* के जीवन चक्र पर बढ़ी हुई कार्बन डाईआक्साईड और तापमान का प्रभाव

भविष्य में गाजरघास की मात्रा और उसके गुणों पर बढ़ी हुई कार्बन डाईआक्साईड और तापमान बहुत ही महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं जिसका सीधा प्रभाव जैवकारक *जाइगोग्रामा* के जीवन चक्र पर भी पड़ना तय है। बढ़ी हुई मात्रा से बीटल में अण्डे देने की क्षमता, जीवन क्षमता, प्रथम अण्ड अवस्था अण्डे देने का समय, अण्डे देने का प्रतिशत, प्रथम प्यूपल अवस्था, प्यूपेशन के लिये मिट्टी में प्रवेश का प्रतिशत, उद्भव प्रतिशत और लिंग अनुपात दर आदि पैमानों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। बीटल्स पर पर्यावरणीय कारकों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए वर्षा ऋतु में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में 6 खुले हुए कक्षों में एक प्रयोग किया गया जिसमें 4 प्रकार के उपचार किये गये। जैसे केवल बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड, केवल बढ़ा हुआ तापमान, बढ़ा हुआ तापमान और कार्बन डाईऑक्साइड दोनों एवं पर्यावरणीय कार्बन डाई ऑक्साइड और तापमान। प्रत्येक कक्ष में प्रत्येक उपचार के साथ बीटल्स के जीवन चक्र का अध्ययन किया गया। परिणाम स्पट तौर से यह दर्शाता है कि बढ़ी हुई कार्बन डाईआक्साइड में बीटल्स की पत्तियां खाने की क्षमता बहुत बढ़ गयी है। जबकि केवल बढ़े हुये तापमान में बीटल्स की क्षमता घट गई। क्योंकि बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड वाले कक्ष में गाजरघास के पौधे में विश्लेषण करने पर उसमें नाईट्रोजन की कमीं देखी गई। जिसका सीधा प्रभाव जाइगोग्रामा के जीवन चक्र में पड़ा **(तालिका 2.3)**।

conducted at Directorate of Weed Research to see the effect of *Zygogramma bicolorata* on Parthenium grown amidst blackgram crop under elevated CO_2 in open top chambers having an area of 5.5 m^2 with four treatments. 1-elavated CO_2 + elevated temperature + 30 number of beetles , 2-only elevated CO_2+30 no. of beetles,3-only elevated temperature =30 no. of beetels, 4-ambient CO_2 and temperature + 30 no. of beetles. The number of leaves and height of blackgram and *Parthenium* grown under the elevated CO_2 concentration was significantly higher than those grown under the ambient CO_2 concentration. The leaf area and dry biomass of mature blackgram leaf grown with the *Z. bicolorata* beetles was higher than those grown without the *Z. bicolorata* beetles in ambient condition. The result indicated that yield performance of blackgram was higher with *Z. bicolorata* than without *Z. bicolorata.* The yield was best in 0.69 t/ha in eCO_2, 0.59 t/ha in eTem, 0.66t/ha in eCO_2+eTem and 0.56 t/ha in ambient conditions compared to control.

2.3.2 Effect of elevated CO_2 and temperature on biology of *Zygogramma bicolorata*

In the future, the excess amount of atmospheric carbon dioxide and temperature will have very positive effect on invasive weed of parthenium about its quantity and properties, which will have a direct impact on the life cycle of the parthenium bioagent *Zygogramma bicolorata.* Elevated carbon dioxide and elevated temperature effects direct on fecundity, survivality, time of pre-oviposition, egg laying time, hatching percentage, larval development duration, pre-pupal time, percentage of soil entering for pupation, emergence percentage and sex ratio value. Experiments were carried out during rainy season in six circular type open top chambers (OTCs) having 5.55 m^2 were conducted with 4 treatment at ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur. Treatment were elevated CO_2, one fore elevated CO_2 and elevated temperature, only elevated temperature and ambient CO_2, ambient CO_2 and ambient temperature. Results clearly indicated that the feeding potential of beetle increased significantly in elevated Co2 while feeding capacity was reduced in only elevated temperature conditions. On analysis of leaves of Parthenium in elevated CO_2 conditions, less nitrogen content was found which directly affected the life cycle of *Zygogramma* beetle **(Table 2.3)**.

तालिका 2.4: विभिन्न पर्यावरणीय स्थितियों के अंतर्गत जैव कारक *जाइगोग्राम बॉयकोलेराटा* के व्यस्क एवं अपरिपक्व अवस्थाओं के जीवन (औसत दिन+एसई) पर गाजरघास का प्रभाव

Table 2.4: Developmental time of immature stages and senescence times (mean days ± SE) of adult life stages of *Z. biocolora* tareared under different environmental conditions on *Parthenium hysterophorus*

Treatments	Egg	L1	L2	L3	L4	Pupa	Adult
*e*Temp+*e*CO_2	4.53±0.09^{b}	2.80±0.05^{a}	2.96±0.05^{b}	3.26±0.06^{a}	4.85±0.17^{a}	12.41±0.18^{b}	82.56±5.56
*a*Temp+*e*CO_2	5.28±0.07^{a}	2.84±0.05^{a}	3.02±0.05^{a}	3.50±0.07^{a}	5.09±0.14^{a}	13.23±0.13^{ab}	84.50±5.75
*e*Temp+*a*CO_2	3.71±0.09^{bc}	2.08±0.06^{b}	2.56±0.06^{b}	2.33±0.08^{b}	3.59±0.09^{b}	9.97±0.16c	84.54±2.70
*a*Temp+*a*CO_2	4.19±0.08^{b}	2.10±0.06^{b}	2.82±0.06^{b}	3.23±0.06^{a}	4.54±0.12^{a}	10.27±0.12^{b}	90.27±4.32
df	3, 396	3, 277	3, 256	3, 230	3, 202	3, 158	3, 124
F	17.73	29.03	10.38	17.58	2.4	6.49	0.64

2.3.3 मेजबान पादप का बढी हुई कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान में *जाइगोग्रामा बाईकोलोराटा* के विकास प्रदर्शन पर मध्यस्थ प्रभाव

जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा की खाद्य खपत, उपयोग और पारिस्थितिक दक्षता का अध्ययन ग्रब्स और वयस्कों में सुसुप्त अवस्था तक किया गया। अध्ययन से पता चला कि ग्रब और वयस्कों का खाद्य उपभोग पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। पारिस्थितिकीय क्षमताओं के अन्य मानकों, जैसे कि इंजेस्टेड भोजन (ई.सी.आई.) के रूपांतरण की दक्षता चौथी ग्रब्स अवस्था और वयस्क मादाओं में सबसे ज्यादा पाया गया। उपभोग सूचकांक (सीआई) बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड और तापमान में, दोनों ग्रब और वयस्क चरणों में परिवेश की स्थिति की तुलना में उच्च था जबकि अवस्था ग्रब्स में पहली और दूसरी में मादाओं विकास दर अपेक्षाकृत अधिक थी। भोजन ग्रब की चौथी अवस्था और वयस्क भोजन के सबसे कुशल उपभोक्ता और भोजन परिवर्तक पाये गये थे। मादाओं द्वारा भोजन का सेवन अंडे की संख्या का एक महत्वपूर्ण निर्धारक था।

पार्थेनियम का जैव रासायनिक विश्लेषण

नाइट्रोजन सामग्री बढ़ी हुई कार्बन डाईऑक्साइड में पत्ते में स्पष्ट रूप से कम पायी गयी। अधिक कार्बन डाईआक्साइड में परिवेश कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में उच्च पॉलीफेनॉल सामग्री भी थी। उच्च कार्बन डाईऑक्साइड में पत्ते में अधिक थी। उच्च कार्बन डाईऑक्साइड में, परिवेशीय कार्बन डाईऑक्साइड की तुलना में पत्ते में पॉलीफेनॉल की मात्रा भी अधिक थी।

2.3.3 Host plant mediated effects of elevated CO_2 and temperature on growth performance of Mexican beetle *Zygogramma bicolorata*

Food consumption, utilization and ecological efficiency of *Zygogramma bicolorata* were studied in grubs and adults up to diapouse. The study revealed that grubs and adults had a significant influence on food consumption. The other parameters of ecological efficiencies, such as efficiency of conversion of ingested food (E.C.I.) were highest in the fourth instar grubs and in adult females. The Consumption Index (C.I.) was higher in elevated CO_2 and elevated temperature and only elevated CO_2 compared to ambient conditions in both grubs and adult stages. Developmental and growth rates were relatively higher in the first and second instars grubs. The fourth instar grubs and adults were the most efficient consumers and converters of food. Food intake by females was an important determinant of the number of eggs laid.

Biochemical analysis of parthenium

Leaf nitrogen content was distinctly lower in elevated CO_2 foliage. In contrast, carbon content was higher in elevated CO_2 foliage. Consequently, the change the relative proportion of carbon to nitrogen(C:N ratio) was considerably higher in elevated CO_2 and elevated temperature foliage. Elevated CO_2 foliage had higher polyphenol content too, compared to ambient CO_2.

3

अनुसंधान कार्यक्रम – 3
RESEARCH PROGRAMME - 3

फसलीय और गैरफसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन
Biology and Management of Problematic Weeds in Cropped and Non-cropped Areas

भारत और दुनियाभर में कई खरपतवारों ने फसल और गैर–फसलीय वाले क्षेत्रों में गंभीर स्थिति उत्पन्न की है। फसलीय क्षेत्रो में कुछ खरपतवार जैसे की परपोषी खरपतवार (*ओरोबंकी, कुसकुटा*), जंगली धान आदि समस्यात्मक खरपतवार हैं जिनसे हम भली–भांति परिचित है। गैर फसलीय क्षेत्रों में *पार्थेनियम, लैंटाना, क्रोमोलिना, सेकेरम, मिकेनिया* आदि देश व्यापी खरपतवार हैं। पानी में तैरने वाली खरपतवार जैसे जलकुंभी, एलीगेटर वीड एवं जलगोभी जल प्रणाली की सबसे समस्यात्मक खरपतवारों में से है। इन समस्यात्मक खरपतवारों के जैव विज्ञान और प्रबंधन पर यह अनुसंधान परियोजना चलाई जा रही है।

In India and worldover, many weeds have assumed serious status in cropped and non-cropped areas . In cropped area, weeds like parasitic weeds (*Orobanche, Cuscuta*), weedy rice, etc. are well known problematic weeds. In non-cropped situations, weeds like, *Parthenium, Chromolaena, Saccharum, Mikania* etc. have gained national importance. The floating weeds like water hyacinth, alligator weed and *Pistia* have gained the status of worst weeds in aquatic situations. The programme has been taken to address biology and management of such problematic weeds of national importance.

परियोजना Project	प्रयोग Experiment	सहयोगी Associates
3.1 समस्याकारक खरपतवारों का जैवकीय नियंत्रण आधारित समन्वित प्रबंधन Biological based integrated management of problematic weeds **प्रमुख अन्वेषणकर्ता:** **सुशील कुमार** **Principal Investigator:** **Sushil Kumar**	3.1.1 जैवकारक *जायगोग्रामा बाइकोलोराटा* की संख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं गाजरघास पर प्रभाव Number dependent population dynamics and impact of bioagent *Zygogramma bicolorata* on *Parthenium*	सुशील कुमार Sushil Kumar
	3.1.2 *अलटरनेरिया अल्टरनेटा* एवं *नियोकेटिना* स्पसीज द्वारा जलकुम्भी का समन्वित नियंत्रण Integrated management of water hyacinth using *Alternaria alternata* and *Neochetina* spp.	सुशील कुमार Sushil Kumar
	3.1.3 जैवकारक *नियोकेटिना* स्प. की संख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं जलकुंभी पर प्रभाव Number dependent population dynamics and impact of *Neochetina* spp.on water hyacinth	सुशील कुमार Sushil Kumar

3.1 जैवकारक *जायगोग्रामा बाइकोलोराटा* की संख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं गाजरघास पर प्रभाव

पार्थेनियम हिस्टोरोफोरस, विभिन्न फसलों की कृषि उत्पादकता के लिए एक संभावित खतरा है। यह प्रजाती बीज द्वारा पुनरुत्पादित करती हैं, और नए पौधों की कई आबादी आमतौर पर मिट्टी में मौजूद लंबे समय तक जीवित बीज से प्रत्येक मौसम में पैदा होती हैं। उपयुक्त परिस्थितियाँ होने पर बीज का अंकुरण पूरे वर्ष हो सकता हैं, हालांकि शरद ऋतु में अंकुरित पौधे रोसेट चरण में सर्दियों में जीवित रह सकते हैं और अगले वसंत तक फूल पैदा कर सकते हैं।

खरपतवार निदेशालय में गाजरघास पर *जायगोग्रामा बाईकलोराटा* की संख्या गतिशीलता पर अध्ययन किया गया। बीटल आबादी की संख्या के प्रभाव का आंकलन करने के लिए एक प्रयोग बीटल की 5, 10, 15, 20, 25 संख्या और नियंत्रण उपचार में 4 प्रतिकृति के साथ 3.34 वर्गमीटर मच्छरदानी में किया गया। गाजरघास पर *जायगोग्रामा बाईकलोराटा* की ग्रब और वयस्क

3.1 Number dependent population dynamics and impact of bioagent *Zygogramma bicolorata* on *Parthenium*

Parthenium hysterophorusis is a potential threat to agricultural productivity of various crops. This species reproduces by seed, and several populations of new plants usually emerge in each season from long-lived seed present in the soil. Germination of seed can occur throughout the year if conditions are suitable, however plants that germinate in autumn may survive over winter in the rosette stage and not flower until the following spring.

Study on population dynamics of *Zygogramma biclorata* on *Parthenium hysterophorus* was done at ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur. The grub and adult population of *Zygogramma biclorata* on *Parthenium* weed was recorded on 5 randomly selected congress grass plants. In mosquito net, beetle populations were maintained as the

आबादी 5 अलग–अलग रूप से चयनित गाजरघास के पौधों पर ली गयी । प्रयोग में गाजरघास के पौधों की ऊंचाई, सूखा वजन और फूलों की संख्या के नमूने लिये गये।

प्रयोगों में देखा गया कि पांच संख्या के मोचन वाले उपचार में पौधों की ऊंचाई दूसरे वर्ष में 22.5 सेमी/पौधा रह गई जो कि पिछले वर्ष 36.1 सेमी/पौधा थी। 10 बीटल वाले मोचन उपचार में 2017 में पौधों की ऊंचाई 2016 के औसत 30.5 सेमी. से घट कर 23.5 सेमी/पौधा हो गई। 15 बीटल के उपचार में वर्ष 2016 में जो ऊंचाई 21.7 सेमी. प्रति पौधा थी वो 2017 में घट कर 15.8 सेमी. प्रति पौधा रह गई। इसी प्रकार 20 बीटल के मोचन उपचार में पौधों की औसत ऊंचाई जो 2016 में 29.8 दर्ज की गई थी वो घट कर 2017 में 16.9 सेमी. प्रति पौधा रह गई, जबकि 25 बीटल के उपचार में 2016 की औसत ऊंचाई 2017 में 17.8 से घट कर 12. 9 सेमी. प्रति पौधा रह गई। इसके विपरीत नियंत्रित उपचार में 2016 में दर्ज की गई औसत ऊचाई 28.3 से बढ़कर 34.6 सेमी/पौधा रह गई (**चित्र 3.1 अ**)।

विभिन्न उपचारों में शुष्क वजन बीटल की संख्या बढ़ने के साथ–साथ कम होता चला गया । 5 बीटल के मोचन उपचार में 2016 एवं 2017 में यह क्रमशः 15.7 एवं 9.5 ग्राम प्रति पौधा हो गया जबकि 10 बीटल मोचन में यह 2016 एवं 2017 में क्रमशः 12.8 एवं 5.4 ग्राम/पौधा रह गया। इसी प्रकार 15, 20 और 25 के मोचन उपचारों में शुष्क वजन काफी घट गया। इसके विपरीत नियंत्रित उपचार में जहाँ कोई बीटल/पौधा नहीं छोड़ी गई थी, शुष्क वजन जो 2016 में 25.6 ग्राम प्रति पौधा था वह 2017 में बढ़कर 26.4 ग्राम प्रति पौधा हो गया (**चित्र 3.1 ब**)।

इसी प्रकार फुलों की संख्या में भी बीटल की मोचन संख्या बढ़ने के साथ–साथ कमी होती पाई गई। जो फूलों की संख्या 5 बीटल मोचन उपचार में 2016 में 106.1 थी वो 2017 में घटकर 86.2 रह गई। जबकि 25 बीटल मोचन उपचार में फूलों की संख्या 2016 के 61.9 से घटकर 2017 में 86.2 प्रति पौधा रह गई। इसके विपरीत नियंत्रित उपचार में जिसमें कोई बीटल नहीं छोटी गई थी 2016 के 188.4 से बढ़कर 2017 में 210.7/पौधा हो गयी। जब विभिन्न उपचारों में वयस्क बीटल की संख्या देखी गई तो वो भी अलग–अलग उपचारों में विभिन्न पाई गई। (**चित्र 3.2**)

number dependent structure like 5, 10, 15, 20, 25 and control with 4 replication. Samples were taken of parthenium plants in terms of height, dry weight, and flowers.

Study revealed that in treatment where 5 number of beetles were released, height of plants reduced to 22.5 cm/plant, which was 36.1 cm/plant during previous year. In treatment where 10 numbers of beetles were released, the plant height reduced to 23.5 in 2017 from 30.5 cm/plant during 2016. In treatment of release of 15 number beetles, plat height was reduced from 21.7 in 2016 to 15.8 cm/plant in 2017. Likewise, in treatment of 20 number release, average height was reduced from 29.8 in 2016 to 16.9 cm/plant in 2017. Average plant height reduced to 12.9/plant in 2017 from 17.8 cm/plant in 2016 **(Figure 3.1 A)**.

In different treatment, dry weight was also reduced corresponding to increase in number of beetles. In treatment where 5 number of beetles were released, dry weight was reduced to 9.5 g/plant in 2017 from 15.7 g/plant during previous year, while in treatment of 10 number release, it reduced from 12.8 to 5.4 g/plant in 2017 from the previous year. Likewise, in treatment of release of 15, 20 and 25 number of release of beetles, dry weight was reduced drastically. Contrary to this, dry weight was found to increase from 25.6 to 25.4 g/plant from 2016 to 2017 **(Figure 3.1 B)**.

Like wise, number of flower production was found to reduce a corresponding to increase in member of beetles. In treatment of 5 number of beetles, flower number was reduced from 106.1/plant in 2016 to 86.2/plant in 2017, while in treatment of 25 number of beetle release, flower production was reduced to 46.2/plant in 2017 from 61.9/plant in 2016. Contrary to this, in control treatment where no beetle was released, flower production was found to increase from 188.4/plant in 2016 to 210.7/plant in 2017. The number of adult beetle was also found different in different treatments **(Figure 3.2)**.





T1 : One time release of Mexican beetle 5/mosquito net; **T2**: One time release of Mexican beetle 10/mosquito net; **T3** : One time release of Mexican beetle 15/mosquito net; **T4**: One time release of Mexican beetle 20/mosquito net: One time release of Mexican beetle 25/mosquito net; **T6**: Control (no release)

चित्र 3.1अ,ब: 2017 में विभिन्न महीनों के दौरान मैक्सिकन बीटल की वयस्क आबादी पर संख्या निर्भर रिलीज का प्रभाव

Figure 3.1 A,B: Effect of number dependent release on adult population of Mexican beetle during different months in 2017



T1 : One time release of Mexican beetle 5/mosquito net; **T2** : One time release of Mexican beetle 10/mosquito net; **T3** : One time release of Mexican beetle 15/mosquito net; **T4**: One time release of Mexican beetle 20/mosquito net: One time release of Mexican beetle 25/mosquito net; **T5** : Control (no release)

चित्र 3.2: 2017 में विभिन्न महीनों के दौरान मैक्सिकन बीटल की वयस्क आबादी पर संख्या निर्भर रिलीज का प्रभाव
Figure 3.2: Effect of number dependent release on adult population of Mexican beetle during different months in 2017

3.2 *अलटरनेरिया अलटरनाटा* और *नियोकेटिना* स्पीसीज द्वारा जलकुंभी का एकीकृत प्रबंधन

इस प्रयोग की शुरुआत सितंबर 2015 में जैवकारक *नियोकेटिना* स्पीसीज और कवक *अल्टरनेरिया अलटरनेटा* के समन्वित प्रभाव को जलकुंभी के ऊपर देखने के लिये की गई थी। इस प्रयोग में 6 उपचार लिये गये थे जैसे कि– T1 - *अलटरनेरिया अलटरनाटा* को एक बार टैंक में छोड़ना; T2 - एक बार *नियोकेटिना* को छोड़ना; T3 - *अल्टरनेरिया अलटरनाटा* का हर महीने छिड़काव; T4 - *अल्टरनेरिया अलटरनाटा* और *नियोकेटिना* स्पी. से हर महीने उपचार करना; T5 - तीन महीने में *अल्टरनेरिया अलटरनाटा* और *नियोकेटिना* से उपचार करना एवं T6 - नियंत्रित उपचार।

दिसम्बर 2017 तक नियंत्रित उपचार में जलकुंभी अपनी प्रारंभिक लंबाई 18.2 से 82.2 सेमी/पौधा हो गई। जबकि 2016 में यह 55.5 सेमी. लंबाई तक बढ़ गई थी जबकि हर महीने *अल्टरनेरिया अलटरनेटा* और *नियोकेटिना* स्पी. से उपचारित टैंक में जलकुंभी की लम्बाई जो 2016 में 29.4 सेमी/पौधा थी, 2017 में घटकर 6.1 सेमी/पौधा रह गई। हर तीन महीने के अंतराल से उपचारित टैंक में जो लम्बाई 2016 में 34.3 थी वो 2017 में घटकर 13.1 सेमी/पौधा रह गई । पौधों की सबसे अधिक लंबाई जून से अगस्त में बढ़ना पाया गया। नियंत्रित उपचार में शुष्क वजन प्रारंभिक औसत 9.3 ग्रा/पौधा से बढ़कर 2016 में 95.9 ग्रा/पौधा हो गया था जो 2017 में बढ़कर 98.9 ग्राम प्रति पौधा हो गया **(चित्र 3.3)**।

3.2 Integrated management of water hyacinth using *Alternaria alternata* and *Neochetina* spp.

This experiment was setup in September, 2015 to see the integrated effect of bioagent *Neochetina* spp. with the fungus *Alternaria alternata* with six treatment viz., T1 - one time application of *Alternaria alternata*; T2 - one time application of *Neochetina* spp.; T3 - monthly application of *A. alternata*; T4 -monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp.; T5 - quarterly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp. and T6- control.

By 2017 Decemebr, water hyacinth height increased from initial average height of 18.2 cm to 82.29 cm while it was 55.5 cm during 2016 in control. The height further decreased from 29.4 cm in 2016 to 6.1 cm in 2017 in treatment where *Neochetina* spp. and *Alternaria alternata* were added at monthly interval. There was significant decrease in height in 2017 (13.10 cm) than from 2016 (34.32 cm) in treatment in comparison to control plant. Maximum height in control was observed during June to August (**Figure 3.3**).

सबसे कम सूखा वजन हर महीने *अलटरनेरिया अलटरनाटा* और *नियोकेटिना* स्पी. से उपचारित टैंक में देखा गया। शुष्क वजन में सबसे कम बढ़ोत्तरी उस उपचार में हुई जिसमें *नियोकेटिना* स्पी. एवं *अल्टरनेरिया अलटरनेटा* को हर महीने छोड़ा जाता था **(तालिका 3.1)**।

2017 में फूलों का उत्पादन मार्च से अक्टूबर तक होना पाया गया जबकि 2016 में फूलों का उत्पादन नवम्बर तक हुआ था। फूलों का उत्पादन मार्च से धीरे–धीरे बढ़ता हुआ जून में अधिकतम पाया गया। *अल्टरनेरिया अलटरनेटा* और *नियोकेटिना* स्पी. का फूलों की संख्या कम करने में निश्चित प्रभाव पाया गया। नियंत्रित उपचार में 2017 में औसत फूलों की संख्या/टैंक 1187 दर्ज की गई जबकि 2016 में औसत फूल 559.2/टेंक उत्पन्न हुये। हर महीने *अ. अलटरनाटा* और *नियोकेटिना* से उपचारित टैंक में 2017 में फूलों का कोई उत्पादन नहीं हुआ जबकि उसी उपचारित टैंक में 2016 में फूलों का उत्पादन 25.9 प्रति टैंक था। हर तीन महीने में *नियोकेटिना* और *अ. अलटरनाटा* से उपचारित टैंक में भी 2017 में कोई फूल का उत्पादन नहीं हुआ जबकि 2016 में यह 29.43/टैंक था। सिर्फ एक बार नियोकेटिना से उपचारित टैंक में 2017 में औसत फूल उत्पादन 41.5 प्रति टैंक हुआ। जबकि 2016 में यह 117.4 प्रति टैंक था। यह प्रयोग दर्शाता है कि जलकुंभी में फूलों के उत्पादन को रोकने में जैवकारक एक निश्चित भूमिका निभाते हैं। **(चित्र 3.4)**

Dry weight was also increased significantly in control from initial average 9.3 g/plant to 98.92 g/plsnt in 2017, which was 95.9 g/plant in 2016. There was minimum increase in dry weight in the treatment where *Neochetina* spp. and *A. alternata* were added at monthly interval **(Table 3.1)**.

Flowers were produced from March to October in 2017 while in 2016, they were produced up to November. Visible impact of *Neochetina* spp. and *A. alternata* was observed on flower suppression in different treatments. The average maximum flower were produced (1187/tank) in control during 2017 while in 2016 average production was 559.2/tank. In 2017, no flower production was observed in treatment having monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp. while during 2016 the average flower production was 25.9/tank). In the treatment of one time release of *Neochetina* spp., average flower production in 2017 further reduced to 41.59/tank in comparison to 2016 when it was 117.43/tank **(Figure 3.4)**. It implies that, bioagents play definite role to stop flower production in water hyacinth.



T1 : One time application of *Alternaria alternata;* **T2**: One time application of *Neochetina* spp.; **T3**: Monthly application of *A. alternata;* **T4** : Monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp.; **T4** : Quarterly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp. and : Control

चित्र 3.3: 2017 के दौरान विभिन्न उपचारों में जलकुंभी की औसत ऊंचाई (सेमी/पौधे) पर प्रभाव
Figure 3.3: Average height (cm/plant) of water hyacinth in different treatment during 2017

तालिका 3.1: 2017 के दौरान विभिन्न उपचारों में जलकुंभी के औसत शुष्क वजन (ग्राम/पौधा) पर प्रभाव
Table 3.1: Average dry weight (g/plant) of water hyacinth in different treatment during 2017

Month	Treatment					
	T^1	T^2	T^3	T^4	T^5	T^6
Jan	71.3	14.88	68.3	5.18	5.18	81.3
Feb	71.5	15.4	71.5	7.55	7.55	81.5
Mar	72.2	15.33	62.2	7.2	7.2	82.2
Apr	69.67	16.33	69.67	6.37	6.37	84.67
May	68.56	22.43	68.56	4.84	4.84	80.56
Jun	68.56	21.79	68.56	0	5.18	88.56
Jul	75.46	53.7	80.46	0	7.55	85.46
Aug	88.7	87.7	108.7	0	4.35	128.7
Sep	91.9	75.08	91.9	0	6.62	121.9
Oct	98.8	73.65	98.8	0	7.31	118.8
Nov	101.6	77.69	111.6	0	9.62	121.6
Dec	109.8	66.69	109.8	0	7.15	111.8
Average	82.33	45.05	84.17	2.59	6.57	98.92

T1 : One time application of *Alternaria alternata*; **T2**: One time application of *Neochetina* spp.; **T3**: Monthly application of *A. alternata*; **T4** : Monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp.; **T5**: Quarterly application of *A. alternate* and *Neochetina* spp. and **T6**: Control

वर्ष 2016 एवं 2017 के दौरान उपचार 1, 2 एवं 5 में उपचार 1 एवं 3 के बीच जलकुंभी की औसत ऊंचाई (सेमी/पौधा) शुष्क वजन (ग्राम/पौधा) और फूलों के उत्पादन (प्रति टैंक) में उल्लेखनीय कमी पाई गयी । उपचार 6 में जिसमें कीट नहीं छोड़े गये थे पौधों की औसत ऊंचाई (सेमी./पौधा) शुष्क वजन (ग्राम/पौधा) और फूलों के उत्पादन (प्रति टैंक) में उल्लेखनीय वृद्धि पाई गयी **(तालिका 3.2)**।

Significant decrease in average height (cm/plant), dry weight/plant) and number of flower production /tub was recorded in treatment 1,2, and 5 in comparison to treatment 1 and 3. Significant increase in plant height (cm/plant) dry weight (g/plant) and number of flower production/tub was recorded in treatment 6 where no insect was released **(Table 3.2).**



T1 : One time application of *Alternaria alternata*; **T2**: One time application of *Neochetina* spp.; **T3**: Monthly application of *A. alternata*; **T4** : Monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp.; **T5**: Quarterly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp. and **T6**: Control

चित्र 3.4: 2017 के दौरान जलकुंभी के औसत सूखे वजन (ग्राम/पौधा) पर विभिन्न उपचार का प्रभाव
Figure 3.4: Average flower production (no./tank) of water hyacinth in different treatment during 2016 and 2017

तालिका 3.2: 2016 और 2017 के दौरान अलग–अलग उपचार में जलकुंभी की औसत ऊंचाई (सेमी/पौधे), शुष्क वजन (ग्राम /पौधा) और फूल उत्पादन (प्रति टैंक) की तुलना

Table 3.2: Comparison of average height (cm/plant), dry weight (g/plant) and flower production (per tank) of water hyacinth in different treatment during 2016 and 2017

Treatment	Height /plant		Dry wt./plant		Flower/tank	
	2016	2017	2016	2017	2016	2017
T1- One time *A.alternata*	47.65	47.65	76.49	82.33	149.4	938.9
T2-One time *Neochetina*spp.	43.45	43.45	66.05	45.05	117.4	41.59
T3- Monthly *A. alternata*	43.14	43.14	66.49	84.17	171.8	943.1
T4- Monthly *Neochetina* + *A. alternata*	29.43	29.43	30.97	2.59	25.8	0
T5- Quarterly *Neochetina* + *A. alternata*	34.32	34.32	41.07	6.57	39.4	0
T6- Control	55.54	55.54	95.94	98.92	559.1	1187

3.3 जैवकारक *नियोकेटिना* स्पसीज की संख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं जलकुंभी पर प्रभाव

